वार्षिक प्रतिवेदन 2014-15
Annual Report 2014-15

भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

(आई.एस.ओ. 9001:2008)

जोधपुर (भारत) 342 003

ICAR-CENTRAL ARID ZONE RESEARCH INSTITUTE

(ISO 9001:2008)

JODHPUR (INDIA) 342 003

Indian Council of Agricultural Research
Visit of Union Minister of Agriculture to CAZRI
15th October, 2014, Jodhpur
Shri Radha Mohan Singh, Union Minister of Agriculture visited Central Arid Zone Research Institute (CAZRI), Jodhpur on 15th October 2014. He was accompanied by Shri Gajendra Singh Sekhawat, Member of Parliament, Jodhpur and Shri P.P. Choudhary, Member of Parliament, Pali. Dignitaries observed and took keen interest in modern facilities of the Institute and field areas.
ICAR at a Glance
Divisions
News
ICAR - Central Arid Zone Research Institute
(ISO 9001 : 2008)
CAZRI Foundation Day 2014 Celebrated
1st October 2014, Jodhpur
Central Arid Zone Research Institute was (CAZRI) celebrated its 56th Foundation day of on 1st October, 2014. Dr AK Sikka, DDG (NRM) delivered Foundation Day Lecture on "Climate resilient agriculture -Strategies and options for arid regions" as Chief Guest of the event. He emphasised the need for technological and policy support to the farmers and herders to adapt to socio-economic and environmental changes.
Meeting on Solar Farming organized at CAZRI
Field Day
Celebration of 86th ICAR Foundation Day at CAZRI
Kisan Mela and Innovation Day Organized on 24th Sept. 2014
News / Announcements
Downloads

काजरी

वार्षिक प्रतिवेदन 2014-15

CAZRI

Annual Report 2014-15

भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
(आई.एस.ओ. 9001:2008)
जोधपुर (भारत) 342 003

ICAR-Central Arid Zone Research Institute
(ISO 9001:2008)
Jodhpur (India) 342 003

Citation: ICAR-CAZRI (2015). Annual Report 2014-15. ICAR-Central Arid Zone Research Institute, Jodhpur (Rajasthan) India, 176 p.

वार्षिक प्रतिवेदन 2014–15

प्रकाशक

निदेशक

भाकृअप–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर 342 003

दूरभाषः +91-291-2786584 (कार्यालय)

+91-291-2788484 (निवास)

फैक्सः +91-291-2788706

ई–मेलः director@cazri.res.in

वेबसाईटः http://www.cazri.res.in

सम्पादन समिति

सुभाष कुमार जिन्दल

शर्मिला रॉय

धर्म वीर सिंह

नव रतन पंवार

प्रियब्रत सांतरा

राकेश पाठक

तकनीकी सहयोग

श्री बल्लभ शर्मा

मुख पृष्ठ

काजरी की तकनीकियाँ एवं उनका प्रसार

पार्श्व पृष्ठ

काजरी का कार्यक्षेत्र

मुद्रक

एवरग्रीन प्रिण्टर्स, जोधपुर 9414128647

ANNUAL REPORT 2014-15

Published by

Director

ICAR-Central Arid Zone Research Institute

Jodhpur 342 003

Phone: +91-291-2786584 (O)

+91-291-2788484 (R)

Fax: +91-291-2788706

e-mail: director@cazri.res.in

Website: http://www.cazri.res.in

Editorial Committee

S.K. Jindal

Sharmila Roy

Dharm Veer Singh

Nav Raten Panwar

Priyabrata Santra

Rakesh Pathak

Technical Support

Shri Ballabha Sharma

Front Cover

CAZRI technologies & their extension

Back Cover

Mandate regions of CAZRI

Printed by

Evergreen Printers, Jodhpur 9414128647

विषय–सूची
Contents

प्राक्कथन	
Preface	
कार्यकारी सारांश	1
Executive summary	
संस्थान परिचय	16
About the institute	
वर्ष 2014–15 के दौरान मौसम	22
Weather during 2014-15	
शोध उपलब्धियाँ	24-118
Research achievements	
प्रसंग 1: एकीकृत प्राकृतिक संसाधन मूल्यांकन, प्रबोधन और मरुस्थलीकरण	24
Theme 1: Integrated natural resources appraisal, monitoring and desertification	
प्रसंग 2: जैव विविधता संरक्षण, वार्षिक व बहुवार्षिक पादपों का सुधार	35
Theme 2: Biodiversity conservation, improvement of annuals and perennials	
प्रसंग 3: एकीकृत शुष्क भूमि कृषि पद्धति अनुसंधान	62
Theme 3: Integrated arid land farming systems research	
प्रसंग 4: एकीकृत भूमि एवं जल संसाधन प्रबन्धन	77
Theme 4: Integrated land and water resources management	
प्रसंग 5: पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन का सुधार	83
Theme 5: Improvement of livestock production and management	
प्रसंग 6: पादप उत्पाद एवं मूल्य संवर्द्धन	89
Theme 6: Plant products and value addition	
प्रसंग 7: समन्वित नाशीजीव प्रबन्धन	96
Theme 7: Integrated pest management	
प्रसंग 8: गैर–पारम्परिक ऊर्जा स्रोत, कृषि यान्त्रिकी और ऊर्जा	101
Theme 8: Non-conventional energy sources, farm machinery and power	
प्रसंग 9: सामाजिक–आर्थिक अन्वेषण एवं मूल्यांकन	112
Theme 9: Socio-economic investigation and evaluation	
प्रसंग 10: प्रौद्योगिकी आंकलन, सुधार एवं हस्तान्तरण	115
Theme 10: Technology assessment, refinement and transfer	

प्रसार गतिविधियाँ	119
Outreach extension activities	
बौद्धिक सम्पदा सम्पति एवं उनका वाणिज्यीकरण	131
Intellectual property management and commercialization	
मरूस्थलीकरण पर पर्यावरण सूचना पद्धति (एनविस) केन्द्र	133
ENVIS centre on desertification	
भा.कृ.अ.प. नेट/कृ.अ.से. प्रारम्भिक ऑनलाईन परीक्षा परियोजना	133
Online system for ICAR NET/ARS-prelim examination project	
संस्थान परियोजनायें	134
Institute projects	
प्रकाशन	137
Publications	
भारत में आयोजित सम्मेलनों/कार्यशालाओं/सेमिनारों एवं संगोष्ठियों में भागीदारी	144
Participation in conference/ seminar/ symposium and workshop in India	
संस्थान में आयोजित बैठकें	150
Institute meetings	
महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन	152
Important days celebrated	
सम्पर्क एवं सहयोग	156
Linkages and collaboration	
मानव संसाधन विकास	157
Human resource development	
आयोजित शिक्षण एवं प्रशिक्षण	160
Workshops and training organized	
पुरस्कार	161
Awards	
आगन्तुक	162
Distinguished visitors	
कार्मिक	163
Personnel	
परिणाम रूपरेखा दस्तावेज	168
Results framework document	

प्राक्कथन
Preface

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान मरूस्थलीकरण नियन्त्रण और सतत् कृषि पद्धतियों के विकास के लिए आधारभूत और प्रायोज्य शोध कार्य में संलग्न रहा है तथा मरू पारिस्थितिकी में प्राकृतिक संसाधनों के सूचना घटक के रूप में कार्य करता रहा है। संस्थान इस क्षेत्र में वैज्ञानिक नेतृत्व प्रदान करता है। स्थानाधारित तकनीक का विकास ओर हस्तान्तरण करने हेतु संस्थान ने प्रयोक्ताओं, अनुसंधान संस्थाओं, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय और अर्न्तराष्ट्रीय अनुसंधान संगठनों के साथ सहयोग सथापित किया तथा उसे और आगे बढ़ाया है।

पश्चिमी राजस्थान के 12 जिलों के मानचित्रण से पता चलता है कि पश्चिमी राजस्थान में सर्वाधिक 78 प्रतिशत भू–भाग एओलियन प्रक्रिया से उत्पन्न स्थलाकृतिओं द्वारा आच्छादित है। एओलियन (वातज) प्रक्रिया से उत्पन्न स्थलाकृतिओं में सर्वाधिक बालुका स्तुप (सैन्ड ड्यून) चुरु (91 प्रतिशत), बीकानेर (77.11 प्रतिशत), जैसलमेर (56.79 प्रतिशत) एवं बाड़मेर (55.82 प्रतिशत) में तथा न्यूनतम पाली (0.03 प्रतिशत) में चित्रित किए गए। सबसे ज्यादा वायु अपरदनकारिता जुलाई माह में चाँदन में देखी गयी (2.81 कि.ग्रा. मी.$^{-1}$ से.$^{-1}$)। शुष्क राजस्थान की भूमि में बालू एवं चिकनी मिट्टी के परिमाण वर्णक्रम प्रतिफलन को मुख्य अंश (पीसी) से विकसित किया गया।

नर्मदा नहर द्वारा सिंचाई से कुछ क्षेत्रों में मृदा लवणीयता की समस्या बढ़ रही है तथा कई स्थानों पर विद्युत चालकता का मान 40 डेसी सीमेंस प्रति मीटर से ऊपर तक पाया गया जिसके कारण बहुत से खेत अब कृषि योग्य नहीं रहे हैं। कच्छ के छोटे रण में चरम क्षारीय स्थितियों में लवणोद्भिदों जैसे *ऐलुरोपस लेगोपोईस, सुएडा न्यूडीफ्लोरा, स्पोरोबोलस मार्जीनेटस, क्रेसा क्रेटिका सैलीकोर्निया* स्पी एवं *क्लोरिस ग्याना* की प्रमुखता थी।

अंजन घास के सात जननद्रव्य/किस्म, धामण घास की एक किस्म, मोठ की 14 किस्म, ग्वार की 37 किस्म, मेहन्दी के 20 क्लोन व बेर की 39 किस्मों का प्रक्षेत्र जीन बैंक में रखरखाव किया गया।

सेवण घास में गुणसूत्र की संख्या 18 होने की पुष्टि की गई। बाजरा की पाँच नई नरबाँझ लाईनों की पहचान की गई। बाजरा की पांच नर लाईनों का राष्ट्रीय पादप आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो में रजिस्ट्रेशन किया गया और इनका बीज जमा करवाया गया। इस वर्ष अखिल भारतीय समन्वित परीक्षण के लिये तीन नई संकर किस्मों आईसीएमए 88004 x सीजेडआई 2010/1 (सीजेडएच 231) सीजेडएमएस 0020 ए x सीजेडआई 2008/8 (सीजेडएच 232) एवं 841 ए x सीजेडआई 2010/11 (सीजेडएच 233) का योगदान दिया

The Central Arid Zone Research Institute has undertaken basic and applied research for desertification control and development of sustainable farming systems for arid ecosystems and also acts as repository of information on the state of natural resources. The institute provides scientific leadership and has developed collaboration with stakeholders, research institutes/SAUs and other national and international agencies for generation and transfer of location-specific technologies.

In 12 arid districts of Rajasthan dominance of landforms of aeolian process and origin was observed in more than 78 per cent area of the region. Among the aeolian landforms, sand dunes cover maximum area in the districts of Jaisalmer (56.79%), Barmer (55.82%), Bikaner (77.11%) and Churu (91%) and minimum in Pali district (0.03%). Highest wind erosivity was observed during second fortnight of July at Chandan (2.81 kg m^{-1} s^{-1}). Sand, clay and organic carbon content of soils of arid Rajasthan were satisfactorily estimated from linear models involving principal components (PCs) of soil spectral reflectance.

Severe problem of salinity and sodicity due to canal irrigation was observed in pockets of Narmada canal command area of Sachore and Gudamalani tehsils. In extreme saline environments of Little Rann of Kachchh, halophytes such as *Aeluropus lagopoides, Suaeda nudiflora, Sporobolus marginatus*, *Cressa cretica*, *Salicornia* sp. and *Chloris gayana* formed the dominant vegetation.

Seven genotypes/varieties of *C. ciliaris*, one variety of *C. setigerus,* 14 varieties of moth bean (*Vigna aconitifolia*), 37 varieties of clusterbean (*Cyamopsis tetragonnoloba),* 20 clones of henna (mehandi) germplasm and 39 varieties of ber (*Ziziphus mauritiana)* were maintained under field gene bank.

In *Lesiurus sindicus* eighteen chromosome numbers were confirmed in meiotic metaphase by observing 9 bivalents. Five new male sterile lines of pearl millet were identified. Five inbred lines of pearl millet were registered with the NBPGR and allotted IC numbers. Seeds of these inbred lines have been deposited with the NBPGR. Three new hybrids, viz., ICMA 88004A x CZI 2010/1 (CZH 231), CZMS 0020A x CZI 2008/8 (CZH 232) and 841A x CZI 2010/11 (CZH 233)were contributed to initial hybrid trials (IHT-I (E)) in the All India Coordinated trials. Pearl millet hybrid CZH 228 has been promoted to advance hybrid trial. In clusterbean, IC 116866, IC 116865 and IC 329038

गया। संकर बाजरा सीजेडएच 228 को प्रारम्भिक परीक्षण में प्रदर्शन के आधार पर अग्रिम संकर परीक्षण के लिये चुना गया है। 250 ग्वार जीनप्रारूप का मूल्यांकन ग्रीष्म ऋतु में किया गया जिसमें तीन जीनप्रारूप आईसी 116866, आईसी 116865 और आईसी 329038 विश्वसनीय पाये गये।

मूंग में सीजेडएम–16 से सबसे ज्यादा बीज उत्पादन हुआ। बीजीय मतीरे के 22 विशिष्ट जीन प्रारूपों के मूल्यांकन में सीएजेडजेके–16 में अधिकतम तदुपरान्त सीएजेडजेके–39 में बीज उपज दर्ज की गई। क्षेत्रीय केन्द्र कुकमा भुज में कांटा रहित नागफनी के 33 क्लोनों में से क्लोन संख्या 1270, 1271, 1287, 1308 एवं बीज रहित शान्ता मारगेरिटा बेलाइस, ब्ल्यु मोन्टो, बीज रहित रेकापालुम्बा और मोराडो ने अच्छी वृद्धि प्रदर्शित की।

आरएपीडी बैंडींग पैटर्न ने बेर में 85.15 प्रतिशत, अनार में 92.44 प्रतिशत, आँवला में 56.18 प्रतिशत, करोन्दा में 25.0 प्रतिशत तथा गोन्दा में 59.04 प्रतिशत जेनेटिक पॉलीमोरफिज्म प्रदर्शित किया। शुष्क क्षेत्र के फलों के डी.एन.ए. पृथक्कीकरण के लिए एक संकर प्रोटोकोल विकसित किया गया। मारवाड़ टीक के डी.एन.ए. पृथक्कीकरण के तरीके को मानकीकृत किया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की मेगा सीड प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न फसलों का कुल 122 क्विंटल बीज पैदा किया गया। मोठ की काजरी मोठ–2, अंजन घास की काजरी–75 और बाजरा की सीजेड–आईसी–923 किस्मों के नाभिक बीज भी एनएसपी के तहत तैयार किए गए।

वृक्ष–फसल प्रणालियों में बाजरा की अधिकतम उत्पादकता खेजड़ी के साथ व मूंग की बेर के साथ दर्ज की गई। पुर्नरुधारित बेर की समग्र रूप से अधिकतम प्रणाली उत्पादकता (बेर बराबर उपज) गोला–मूंग में 6 मीटर × 6 मीटर के तहत दर्ज की गई। बीकानेर में कृषि–उद्यान–वानिकी के अन्तर्गत रोपित सभी वानिकी एवं फल वृक्षों (नींबू, मोपेन एवं शीशम) में से ग्वार, मूंग एवं ग्वारपाठा का उच्चतम उत्पादन नींबू (5 मी. x 6 मी.) के साथ अंतःसस्यन में प्राप्त हुआ। फल प्रजाति के वृक्षों में नींबू द्वारा बेल व गोंदा की अपेक्षा अधिक पर्णपतन हुआ। *सेंक्रस सेटिजेरस + क्लाईटोरिया टरनेसिया* के अंतःसस्यन ने अधिकतम शुष्क उत्पाद तथा *डाईकेन्थीयम एन्युलेटम + क्लाईटोरिया टरनेसिया* के अंतःसस्यन ने अधिकतम ताजा उत्पाद बाकी उपचारों की तुलना में दिया। पानी की 40 प्रतिशत कम आपूर्ति के कारण सरसों की किस्म जीएम 4, मेथी की किस्म आरएमटी 305 और जौ की किस्म आरडी 202794 में अन्य किस्मों की तुलना में कम गिरावट देखी गई।

रिजका की उन्नत किस्म (आन्नद 2) से जायल और मेड़ता तहसील के गावों में हरे चारे का उत्पादन बढ़ा। बाजरा की उन्नत किस्म रिजका बाजरी के क्षेत्र प्रदर्शन में 27.8–43.3 टन तथा ज्वार की उन्नत किस्म एसएसजी–778 से 16.8–26.4 टन हरा चारा प्रति

genotypes were found promising among 250 genotypes evaluated during summer season.

In mung bean mutants, CZM-16 produced highest seed yield. Among 22 promising lines of watermelon, genotype CAZJK-16 was the highest seed yielder followed by CAZJK-39. At Bhuj, cactus pear clone nos 1270, 1271, 1287, 1308 and clones Seedless Santa Margherita Belice, Blue Motto, Seedless Roccapalumba and Morado exhibited vigorous growth under field condition.

RAPD banding patterns revealed genetic polymorphism amounting to 85.15 per cent in *Ziziphus mauritiana*, 92.44 per cent in *Punica granatum*, 56.18 per cent in *Eblica officinalis* (*Phyllanthus emblica*), 25 per cent in *Carissa carandas* and 59.04 per cent in *Cordia myxa*. A hybrid protocol of DNA isolation was developed to eliminate the interference of polyphenols, mucilages, polysaccharides as glucans and cuticular wax for arid fruits. DNA isolation procedure has been standardized Marwar teak (*Tecomella undulata*).

Under ICAR Mega Seed Project, a total of 122 quintal TFL seed was produced. Nucleus seed of moth bean var. CAZRI Moth-2, *C. ciliaris* var. CAZRI-75 and pearl millet variety CZ-IC 923 was produced under NSP.

In agroforestry and agri-horti systems, productivity of pearl millet was highest under *P. cineraria* and that of mung bean under jujube. The highest system productivity of rejuvenated ber varieties in terms of ber equivalent yield was recorded in Gola + mung bean in 6 m x 6 m spacing. In agri-horti-silvi system with citrus, mopane and shisham trees, productivity of intercrops, namely clusterbean, mung bean and *Aloe vera* was highest with citrus planted at 5m x 6m spacing under Bikaner conditions. *Citrus* produced maximum litterfall among citrus, bael and gonda fruit trees. *Cenchrus setigerus* + *Clitoria ternatia* gave maximum dry matter yield but combination of *Dicanthium annulatum* + *C. ternatia* recorded highest fresh herbage yield at Bhuj. Under water deficit conditions, varieties GM 4 of mustard, RMT 305 of fenugreek and RD 202794 of barley showed least reduction in yields.

Green fodder yield increased due to improved variety of lucerne (Anand-2) in different villages of Jayal and Merta tehsils. Field demonstrations revealed forage yield of 27.8-43.3 t ha^{-1} from improved varieties of fodder pearl millet (Rijka bajri) and 16.8-26.4 t ha^{-1} from sorghum (SSG-778). In Kotari block of Bhilwara district, gum induction technology for exudation of gum from *Butea monosperma* was applied and average gum yield was 122 g per tree.

Combination of neem seed powder (400 kg ha^{-1}), *Metarrhizium anisopliae*, *Trichoderma harzianum*,

हैक्टेयर प्राप्त हुआ। भीलवाड़ा जिले के कोठरी ब्लोक में *ब्यूटिया मोनोस्पर्मा* के उपचारित पेड़ से चार से पांच दिन के बीच गोंद का रिसाव शुरू हो गया तथा गोंद की औसत उपज 122 ग्राम प्रति पेड़ रही।

नीम पाउडर (400 किलो प्रति हैक्टेयर), *मैटाराइजियम एनाइसोप्ली, ट्राइकोडर्मा हार्जिनम, पिसिलोमाइसिस लिलेसिनम* और गोबर की खाद (4 टन प्रति हैक्टेयर) का संयोजन ग्वार फसल (आरजीसी–936) में दीमक और रूट रोट से संरक्षण के लिए प्रभावी रहा और सर्वाधिक उपज प्राप्त हुई।

प्रकाश वोल्टीय आच्छादित गृह (15.3 वर्ग मीटर) के कार्य प्रदर्शन का अध्ययन टमाटर की फसल उगाकर किया गया तथा इसके आन्तरिक तापमान का अनुमान लगाने के लिये एक ऊष्मीय मॉडल विकसित किया गया। एसी सोलर पम्प में एक परिवर्तनीय बिजली बटन प्रणाली विकसित की गई। परीक्षण में यह पाया गया कि एसी सोलर पम्प 9 मिनी–स्प्रिंकलर के साथ 40–50 लीटर प्रति मिनट की दर से सिंचाई करता है।

संशोधित सौर पी.वी. सिस्टम एवं परिवर्तनीय स्विच के साथ सौर चालित बेर ग्रेडर को सफलतापूर्वक चलाया गया। जीरा सफाई व श्रेणीकरण मशीन का विभिन्न फसलों के लिए परीक्षण किया गया और मशीन की सफाई दक्षता 85–90 प्रतिशत देखी गई। एक नई मतीरा बीज निकालने वाली मशीन का विकास किया गया।

मध्य मई से लेकर जून तक थारपारकर बाड़े एवं चराई वाली गायों में पानी की मांग औसतन क्रमशः 49.06 तथा 52.91 लीटर प्रतिदिन थी जबकि राठी गायों के दोनों समूहों में क्रमशः 58.23 तथा 59.40 लीटर प्रतिदिन थी। थारपारकर गायों के समूह की बछड़ियों के पहले ब्यांत की उम्र 451.81 महीने थी, 305 दिनों के औसत दुग्धकाल में गायों से 2026.68 लीटर तथा 321 दिनों के दुग्धकाल से 2131 लीटर दूध मिला। औसतन पशुओं में सूखा अवधि और बयांत अन्तराल क्रमशः 81.25 तथा 388 दिन थे।

बहु पोषक फीड ब्लॉक को तीन महीने तक खिलाने पर औसतन 8.91 प्रतिशत भैंस में तथा 10.58 प्रतिशत गायों में दूध की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बहु पोषक मिश्रण से 40 बकरियों के दैनिक दुग्ध उत्पादन में औसत बढ़ोतरी 15.61 प्रतिशत रही।

लेह के फे एवं नांग गांवों में कुल खाद्यान एवं दूधीय ऊर्जा 538.6×10^6 व 585.6×10^6 कि.ग्रा. ज्यूल प्रति वर्ष थी जबकि मानव की ऊर्जा आवश्यकता 1524.6×10^6 व 1287.7×10^6 कि.ग्रा. ज्यूल प्रति वर्ष थी। यह कमी मांस, दूध और खाद्यान खरीद कर पूरी की गई।

लेह व इसके आसपास खेतों में *मस बुडूगा* तथा गोदामों से *रैटस तुर्किस्तानिकस* प्रजाति पकड़ी गई। घास के मैदानो में 14000–15000 फीट की ऊँचाई पर वोल की प्रजाति *पिटिमस ल्यूसिरस* तथा 11500–17500 फीट की उंचाई तक मारमोट (*मारमोटा हिमाल्याना*) पाए गए।

Paecilomyces lilacinus and FYM (4 t ha^{-1}) resulted in highest protection of clusterbean (RGC 936) against plant mortality due to termites and root rot and resulted in maximum seed yield.

PV clad enclosure structure (15.3 m^2) was successfully tested with tomato crop. A thermal model was developed to predict the inside temperature of the enclosure. A change over switch facility, protected agriculture system and earth tube heat exchange based temperature regulating facility were developed for AC solar pump system. Pressure-discharge relationship of solar pumps revealed a discharge of 45-50 litres per minute with 9 mini-sprinklers.

Ber grader was successfully operated with modified solar PV system having change over switching mechanism to overcome the problem of providing the initial torque. Cumin cleaner cum grader was improved and its efficiency is now 80-90 per cent. A new design of water melon seed extractor, operated by 0.25 hp electric motor, was developed.

In Tharparkar cattle average water intake was 49.06 and 52.91 litres day^{-1} for stall fed and grazing animals, respectively which was lower than the water intake of Rathi cattle (58.23 and 59.40 litres day^{-1}, respectively) during May to mid-June. The age at first calving in Tharparkar herd was 45±1.8 months; the average lactation yield was 2026.68±97.38 litres in 305 days and 2131.51 litres in a lactation period of 321 days. The dry period and calving interval were 81.25±14.56 and 388.25±27.40 days, respectively.

At farmers' field, average increase in daily milk yield of buffaloes and cows was 8.91 and 10.58 per cent, respectively due to feeding of multi-nutrient feed block. Feeding of multi-nutrient mixture to 40 lactating goats resulted in average increase in daily milk yield by 15.61 per cent.

In cold arid region of Leh, total food grain and milk energy produced in villages Phey and Nang was 538.6×10^6 and $585.6\ 6 \times 10^6$KJ $year^{-1}$ while the requirement of human population was 1524.6×10^6 and 1287.7×10^6KJ $year^{-1}$, respectively. The energy deficit is made up through purchase of meat, milk and food grain.

In Leh region, mice (*Mus booduga* Gray) from crop fields and *Rattus pyctoris* (Hodgson) (*Rattus turkestanicus Satunin)* from shops and godowns were trapped. Voles (*Phaiomys leucurus* Blyth and *Pitymys leucurus* Blyth) were observed in grass lands at 14000 to 15000 feet and marmots (*Marmota himalayana*) were observed at 11500 to 17500 feet altitude.

Fifty five field demonstrations and training programmes were organized in the village Utamber of

जोधपुर जिले के गाँव उटाम्बर में 55 कृषि प्रदर्शन एवं क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गये। भुजावर, भांडु और चांदन गांवों में सामुदायिक भूमि पर किसानों की भागीदारी से सैटेलाइट नर्सरी बनाई गई। पांच सौर उपकरणों का जोधपुर और पाली के एक एक गांव में प्रदर्शन हेतु चयन किया गया।

जोधपुर जिले के बींजवाड़िया गाँव में खरीफ व रबी फसलों की उन्नत किस्मों, नीम की खली तथा मरूसेना का उपयोग, कृंतक नियंत्रण, आदि के 86 क्षेत्र प्रदर्शन आयोजित किए गये।

आदिवासी उप–योजना के अन्तर्गत विभिन्न जिलों के 1731 आदिवासी लाभान्वित हुए। जल प्रबंधन, बागवानी, मिट्टी सुधार, मिट्टी की उर्वरता, पशुधन प्रबंधन, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण आदि विभिन्न गतिविधियाँ योजना के तहत की गई।

कुल 5783 किसान, कृषक महिलाऐं, विद्यार्थी एवं सरकारी अधिकारियों ने कृषि तकनीक सूचना केन्द्र का भ्रमण किया। विभिन्न विभाग, क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र एवं के.वी.के. के द्वारा 337 प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषकों के लिए आयोजित किए गये। एक किसान मेला एवं नवाचार दिवस 24 सितम्बर 2014 को आयोजित किया गया जिसमें पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश जिलों से लगभग 1900 किसानों ने भाग लिया। संस्थान ने विभिन्न अवसरों पर सम्पूर्ण देश में 20 प्रदर्शनी आयोजित की या उनमें भाग लिया।

मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत 31 वैज्ञानिकों, 9 तकनीकी और 10 प्रशासनिक कर्मचारियों ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके अतिरिक्त 25 तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारियों ने काजरी में नार्म, हैदराबाद की फेकल्टी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण में भाग लिया। दो कार्यशाला, एक ब्रेनस्टार्मिग सत्र, एक लघु पाठ्यक्रम और छः प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गये। संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई (आई.टी.एम. यू.) ने काजरी एवं सौभाग्य बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, पादप विविधता और किसान अधिकार प्राधिकरण (पीपीवी और एफआरए), आई.ए.आर.आई., पी.ए.यु. और बिट्स के बीच समझौता ज्ञापन में सहायता प्रदान की।

मैं शोध एवं प्रसार गतिविधियों में सतत् संलग्न रहे संस्थान के सभी वैज्ञानिकों को इस प्रतिवेदन में प्रतिबिम्बित कार्यों के लिए धन्यवाद देता हूं तथा प्रतिवेदन सम्पादन और प्रकाशन समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों द्वारा इस प्रतिवेदन को तैयार करने के लिए किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूं।

राम कृष्ण भट्ट
कार्यकारी निदेशक

Jodhpur district to increase income of farmers. Satellite nurseries in Bhujawar, Bhandu and Chandan villages were established at community land in participatory mode for mass seedling production. Five solar devices were selected for dissemination in one village each in Jodhpur and Pali district.

To maximise the yield, improved technologies, like high yielding varieties, application of neem cake and *marusena*, and rodent control; 86 demonstrations were conducted during, summer, *kharif* and *rabi* seasons in Bheenjwadia village of Osian tehsil of Jodhpur district.

Under Tribal Sub Plan (TSP), 1731 tribal people benefitted in different districts of the country. Various interventions like quality seed of improved varieties, water management, horticulture, soil amelioration, soil fertility management, livestock management, and HRD trainings for women empowerment were taken up under the plan.

Total of 5783 farmers, farm women, students and central/state government officials visited ATIC. In all, 337 trainings were organized for farmers and farm women. A farmers' fair cum farm innovation day was organized on 24th September in which 1900 farmers from arid districts of Western Rajasthan participated. The institute organized/ participated in 20 exhibitions on different occasions across the country.

Under HRD programme, 31 scientists, 9 technical and 10 administrative personal attended various trainings, while 25 administrative and technical personals were provided training at the institute by NAARM, Hyderabad faculty. Two workshops, one brain storming session, one short course and six trainings were organized at the institute. The Institute Technology Management Unit (ITMU) facilitated signing of MoUs between CAZRI and Sowbhagya Biotech Private Limited, PPV & FRA, IARI, PAU and BITS Ltd.

I am thankful to all the scientists for their contribution in research and extension activities, which are reflected in this report and to the chairman and members of the editorial and publication committees for their sincere efforts in production of this report. I hope the annual report will provide useful information to scientists, extension workers, farmers and other stakeholders involved in sustainable development of the arid regions.

R.K. Bhatt
Director (Act.)

कार्यकारी सारांश
Executive summary

एकीकृत प्राकृतिक संसाधन मूल्यांकन, प्रबोधन और मरूस्थलीकरण

पश्चिमी राजस्थान के देवातरा, खारडा, राजोला एवं शेरगढ़ के अंतर्गत 22 गाँवों में प्राकृतिक संसाधनो के सर्वेक्षण से पता चला कि शेरगढ़–चाबा समूह में लम्बे अणुवृत्त आकार के टिब्बे प्रमुखतया पाये जाते हैं। खारड़ा और राजोला समूह के गांवों में जलोढ़ मैदानों का प्रभुत्व देखा गया साथ ही इन क्षेत्रों के कुओं का जल लवणीय हो रहा है। देवातरा, राजोला एवं शेरगढ़ की मृदाओं में जैविक कार्बन (0.05–0.34 प्रतिशत) और फास्फोरस (2.24–12.02 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) कम मात्रा में तथा पोटेशियम (56–281 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) मध्यम मात्रा में पाया गया। खरीफ की फसलों में बाजरा, ग्वार, मोठ, मूंग और तिल प्रमुख हैं जबकि जिन स्थानों पर भूजल की गुणवत्ता बेहतर है वहाँ रबी की फसलें जैसे गेहूँ, सरसों, जीरा और अरंडी पैदा किए जा रहे हैं।

पश्चिमी राजस्थान के 12 जिलों एवं सिरोही की तीन तहसीलों का मानचित्रण दर्शाता है कि पश्चिमी राजस्थान में सर्वाधिक 78 प्रतिशत भू–भाग एओलियन (वातज) प्रक्रिया से उत्पन्न स्थलाकृतिओं द्वारा आच्छादित है। वहीं 12 प्रतिशत भू–भाग पर फ्लुवियल (नदीय) प्रक्रिया और 6 प्रतिशत भू–भाग पर डेन्यूडेशनल (अनाच्छादन) प्रक्रिया का आधिक्य है। एओलियन प्रक्रिया से उत्पन्न स्थलाकृतिओं में सर्वाधिक बालुका स्तुप (सैन्ड ड्यून) जैसलमेर (56. 79 प्रतिशत), बाड़मेर (55.82 प्रतिशत), बीकानेर (77.11 प्रतिशत) एवं चुरु (91 प्रतिशत) में पाए गये, वहीं न्यूनतम पाली (0.03 प्रतिशत) में चित्रित किए गए। पाली जिले में मरुस्थलीकरण की स्थिति के मानचित्रण में पाया गया कि जिले का लगभग 31.6 प्रतिशत क्षेत्र मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया से प्रभावित है। वहीं 13.82 प्रतिशत क्षेत्र क्षारियता/अम्लीयता से, 4.51 प्रतिशत क्षेत्र जलीय अपरदन से, 4. 23 प्रतिशत क्षेत्र वानस्पतिक पतन से, 1.3 प्रतिशत क्षेत्र वायु अपरदन से प्रभावित है। लगभग 7.5 प्रतिशत क्षेत्र चट्टानी है जो कृषि के लिए अनुपयुक्त है। फलौदी तहसील के वर्ष 2005–06 के 1:50,000 के मानचित्रण में कृषि भूमि क्षेत्र 5266.81 वर्ग कि.मी. था जो कि 2012–13 में 1:10,000 पैमाने पर 5652.74 वर्ग कि.मी. पाया गया। इसी तरह खनन क्षेत्र 0.06 वर्ग कि.मी. से 24.95 वर्ग कि.मी. और वृक्षारोपण क्षेत्र 0.10 वर्ग कि.मी. से 5.84 वर्ग कि.मी. हो गया।

जालोर एवं बाड़मेर के नर्मदा नहर कमांड क्षेत्र में बारानी एवं ओरन क्षेत्र की मृदाओं की अपेक्षा जैविक कार्बन एवं फास्फोरस के स्तर में 65 एवं 33 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी जबकि पोटाश की मात्रा में 18 प्रतिशत तक की कमी पाई गई। नहर द्वारा लगातार सिंचाई से

Integrated Natural Resources Appraisal, Monitoring and Desertification

The village level monitoring of natural resources in Dewatra, Kharda, Rajola and Shergarh sites revealed that the terrain of villages in Shergarh-Chaba cluster can be best described as duny with long parabolic dunes. The alluvial plains are dominant in Kharda and Rajola sectors. The soils of Dewatra, Rajola and Shergarh are low in organic carbon (0.05-0.34%) and phosphorus (2.24-12.02 kg ha^{-1}), and low to medium in potassium (56-281 kg ha^{-1}).The major *kharif* crops include pearl millet, clusterbean, moth bean, mung bean and sesame whereas in villages where groundwater quality is good *rabi* crops like wheat, mustard, cumin and castor are grown.

A geomorphology map along with lineament database for 12 districts of western Rajasthan and three tehsils of Sirohi district indicated dominance of landforms of aeolian process and origin in more than 78 per cent area of the region, though there was district level variability. This is followed by 12 per cent area under fluvial and 6 per cent area under denundational origin. Among the aeolian landforms, sand dunes cover maximum area in the districts of Jaisalmer (56.79%), Barmer (55.82%), Bikaner (77.11%) and Churu (91%) districts and minimum in Pali district (0.03%). Land degradation mapping of Pali district showed that about 31.6 per cent area is affected by processes of desertification. Salinity/alkalinity has affected maximum area (13.82%), followed by water erosion (4.51%) and vegetation degradation (4.23%). Wind erosion is meagre (1.3%). About 7.5 per cent area is under rocky habitat and not usable for agriculture. Land use/land cover mapping of Phalodi tehsil covering 8449.98 sq. km area has been completed at 1:10,000 scale. Distinct change in the cropland class has been observed. It was 5266.81 sq. km in 2005-06 mapping on 1:50,000 scale whereas it was 5652.74 sq. km in 2012-13 on 1:10,000 scale. Similarly, area under mining has increased from 0.06 sq. km to 24.95 sq. km and area under forest plantation has increased from 0.10 sq. km to 5.84 sq. km during the same period.

The soil resource characterization of Narmada canal command area in Sanchore and Gudamalani tehsils of Jalore

कुछ क्षेत्रों में मृदा लवणीयता एवं क्षारीयता की समस्या हो रही है तथा कई स्थानों पर विद्युत चालकता का मान 40 डेसी सीमेंस प्रति मीटर से ऊपर तक पाया गया। जालोर जिले की बेंचमार्क मृदाओं में सल्फर के ऊर्ध्वाधर वितरण का अध्ययन किया गया जिसमें मृदा में उपलब्ध सल्फर की मात्रा 0.12–16.4 मिलीग्राम प्रति कि.ग्रा. प्राप्त हुई। सभी सल्फर अंशों और मृदा की एंजाइम आधारित गतिविधियों में गहराई के साथ कमी पाई गई।

फे एवं नांग गांवों के उत्पादन पद्धति के ऊर्जामान से ज्ञात होता है कि इन गांवों में कुल खाद्यान एवं दूधीय ऊर्जा क्रमशः 538.6×10^6 व 585.6×10^6 कि.ग्रा. ज्यूल प्रति वर्ष थी जबकि मानव की ऊर्जा आवश्यकता 1524.6×10^6 व 1287.7×10^6 कि.ग्रा. ज्यूल प्रति वर्ष है। यह कमी मांस, दूध और खाद्यान खरीद कर पूरी की गई।

कच्छ के छोटे रण में क्षारीय वातावरण के तहत लवणोद्भिदों की परिस्थितिकी ओर वितरण का आकलन करने के लिए क्षेत्रीय सर्वेक्षण किए गए। क्षेत्र में लवणता 0.32 से 64 डेसी सीमेंस प्रति मीटर तक पाई गई। चरम क्षारीय स्थितियों में लवणोद्भिदों जैसे *ऐलुरोपस लेगोपोईस, सुएडा न्यूडीफ्लोरा, स्पोरोबोलस मार्जीनेटस, क्रेसा क्रेटिका, सैलीकोर्निया* स्पी एवं *क्लोरिस ग्याना* की प्रमुखता थी।

जैव विविधता संरक्षण, वार्षिक व बहुवार्षिक पादप सुधार

सेवण (111), अंजन घास (85), धामण घास (42), ग्रामणा (47), बुरड़ा (24), मुरठ (2), तितली मटर (9), चारा सेम (2), बेकरिया (1), खेजड़ी (11), कुमट (15), जाल (24), रोहिड़ा (11) तथा मेहन्दी (20) के जननद्रव्य का अनुसंधान प्रक्षेत्र पर रखरखाव किया गया। मूंग की सीजेडएम के–1; ग्वार की मरू ग्वार, एम–83, जीडीएम–1; चवला की सीएजेडसी–बी; कुल्थी की मरू कुल्थी–1, सीआरएचजी–20, इंदिरा कुल्थी–1, मोठ की काजरी मोठ–2, बाजरा की सीजेड–आईसी 923, सीजेडपी–2 के–11, सीजेडपी 902, सीजेडपी 905 व सीजेडपी 906; अंजन घास की किस्म काजरी 75 और जनन द्रव्य (काजरी 358, काजरी 585, काजरी 2178, काजरी 2221) तथा धामण की किस्म काजरी 76 का गुणीकरण व रखरखाव किया गया।

सेवण के 27 जनन द्रव्य को विविधता हेतु आरएपीडी विश्लेषण के लिये चुना गया। पाँचवे वर्ष 10 अंजन घास के जनन द्रव्य का मूल्यांकन किया गया। आईएमटीसीसी–10–1 ने सर्वाधिक हरा चारा उपज (8616.7 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) व आईएमटीसीसी–10–3 ने सर्वाधिक शुष्क पदार्थ (2867.1 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) पैदा किया।

बाजरा की पाँच नई नरबाँझ लाईनों की पहचान की गई तथा इन्हे सीजेडएमएस 0023 से सीजेडएमएस 0027 नामित किया गया। बाजरा की 405 प्रजनन एचं जनन द्रव्य लाईनों के मूल्यांकन पश्चात 115 उत्कृष्ट पौधों का चयन किया गया। विभिन्न नर नपुंसक लाईनों को काजरी द्वारा विकसित नर लाईनों द्वारा परागित कर 115 नये संकर सयोजनों का विकास किया गया। बाजरा की छः संकुल, नौ

and Barmer districts revealed severe problem of salinity and sodicity in the area due to canal irrigation. Among various soil quality parameters, SOC and P accumulation by 65 and 33 per cent, and K depletion by 18 per cent was found in irrigated croplands. In benchmark soil series of Jalore district, available sulphur ranged from 0.12-16.4 mg kg^{-1}. All the sulphur fractions, in general, decreased with depth. Low rainfall areas contain major part of sulphur in inorganic forms. Soil enzymatic activities also showed decreasing trend with depth.

Energetics of the production system of village Phey and Nang revealed that total food grain and milk energy produced in villages Phey and Nang was 538.6×10^6 and 585.6×10^6 KJ $year^{-1}$ while the requirement of human population was 1524.6×10^6 and 1287.7×10^6 KJ $year^{-1}$. The energy deficit was made up by purchase of meat, milk and food grain.

Field surveys were conducted in Little Rann of Kachchh to assess the ecology and distribution of halophytes under different saline environment. Soil salinity in the surveyed area varied from 0.32 to 64 dS m^{-1}. At extreme saline environments halophytes such as *Aeluropus lagopoides*, *Suaeda nudiflora*, *Sporobolus marginatus*, *Cressa cretica*, *Salicornia* sp. and *Chloris gayana* forms the dominant vegetation.

Biodiversity Conservation, Improvement of Annuals and Perennials

Total of 111 accessions of *L. sindicus*, 85 accessions of *C. ciliaris*, 42 accessions of *C. setigerus*, 47 accessions of *P. antidotale*, 24 of *Cymbopogon* species, 2 of *P. turgidum*, 9 of *Clitoria ternatea*, 2 of *Lablab purpureus* and 1 of *Indigofera*, 11 of *Prosopis cineraria*, 15 of *Acacia senegal*, 24 of *Salvadora oleoides*, 11 of *Tecomella undulata* and 20 of *henna* were maintained at research farm. In mung bean, CZM K-1; in cluster bean, Maru Guar, Guar M-83, GDM-1; in cow pea, CAZC-B; in horse gram, Maru-Kuthi-1, CRHG-20 and Indira Kulthi-1; in moth bean, CAZRI moth-2; in pearl millet, CZ-IC 923, CZP 2K-11, CZP 902, CZP 905, and CZP 906; in *C. ciliaris*, cv. CAZRI 75 and genotypes (CAZRI 358, CAZRI 585, CAZRI 2178, CAZRI, 2221); in *C. setigerus*, cv. CAZRI 76 were multiplied and maintained.

Twenty seven genotypes of *L. sindicus* were selected for RAPD analysis. Ten genotypes of *Cenchrus ciliaris* were evaluated in the fifth year and maximum green fodder

संकर, 18 नर लाईन एवं 12 नर सपुंसक लाईनों में से उच्च तापमान में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जीनोटाईप सीजेडपी–2क–9, सीजेडपी 9603, सीजेड–आईसी 923, संकर सीजेडएच 233, सीजेडएच 227, सीजेडआई 2002/6, सीजेडआई 2012/13, सीजेडआई 2011/7, सीजेडआई 2012/5, सीजेडएमएस 21बी, एवं आईसीएमबी 93333 प्रमुख हैं।

एनबीपीजीआर से प्राप्त 28 प्रविष्टियों का लेह के स्टेक्मो गांव में मूल्यांकन किया गया। प्रविष्टि, बीजीआर–126, आईसी–328648, बीजीआर–57, आईसी 429889, पीआई–429902, आईसी 393960 और बीजीआर–87 ने प्रति बाली बीज और टिलरिंग के संबंध में अच्छा प्रदर्शन किया।

मूंग की एस–8, के 851 और आरएमजी–267 किस्मों के गामा विकिरण द्वारा 50 प्रकार के स्थायी उत्परिवर्तित पादप तैयार किये गये और असिंचित अवस्था में उनका मूल्यांकन किया गया। पैत्रिक किस्म (417–521 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) के मुकाबले सीजेडएम–16 में सबसे ज्यादा बीज उत्पादन (833 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) हुआ। मूंग में स्वांगीकरण सतह क्षेत्रफल (452–1750.56 वर्ग से.मी. प्रति पादप), पर्ण संख्या (5–15 प्रति पादप), शुष्क भार (9.22–26.66 ग्राम प्रति पादप), फलियों की संख्या (10–119 प्रति पादप) व बीज उत्पादन (275–550 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) में अत्यधिक विभिन्नताएं पाई गई, जो दर्शाता है कि विभिन्नताएं इनके जीन प्रारूप में निहित हैं।

अलग–अलग समूहों को प्रदर्शित करने वाले 250 ग्वार जीनीप्रारूप का मूल्यांकन ग्रीष्म ऋतु में किया गया जिसमें तीन जीनी प्रारूप आईसी 116866, आईसी 116865 और आईसी 329038 विश्वसनीय पाये गये।

चना की 240 पुनर्योजन अन्तः प्रजनन लाइनों तथा दो पैतृक लाईनों (आईसीसी–995 कम प्रोटीन तथा आईसीसी–5912 उच्च प्रोटीन) के मूल्यांकन में आईसीसीआरआईएल 07–0029, आईसीसीआरआईएल 07–0112, आईसीसीआरआईएल 07–0147, आईसीसीआरआईएल 07–0183, और आईसीसीआरआईएल 07–0210 ने जल्दी 50 प्रतिशत पुष्पन (लगभग 60 दिन) की अवस्था प्राप्त की।

बीजीय मतीरे के 22 विशिष्ट जीन प्ररूपों के मूल्यांकन में सीएजेडजेके–16 में अधिकतम (169.6 ग्राम) तदुपरान्त सीएजेडजेके–39 (163.4 ग्राम) बीज उपज प्रति पौधा दर्ज की गई। 87 एफ$_4$ संततियों के मूल्यांकन में संतति एसपीएस–5 × ईसी–677190–21–2–56 तदुपरांत डीआरबी–653 × डीआरबी–661–28–2–68 में प्रति पौधा अधिकतम बीज उपज क्रमशः 140.7 ग्राम एवं 127.5 ग्राम दर्ज की गई।

काजरी के क्षेत्रीय केन्द्र कुकमा भुज में कांटा रहित नागफनी के 33 क्लोनों ने क्षेत्र में रोपण के 4 महीने बाद 1 से 11 पत्तियों के उत्पादन के साथ 50 से 100 प्रतिशत तक अन्तरजीविता दर्ज की।

yield (8.6 t ha^{-1}) was obtained from IMTCC-10-1, whereas dry matter was maximum from IMTCC-10-3 (2.9 t ha^{-1}).

Five new male sterile lines of pearl millet were identified and named as CZMS 0023 to CZMS 0027. Four hundred five breeding lines/germplasm of pearl millet were evaluated and out of these 115 promising progenies were selected. Under AICRP trials, 115 hybrid combinations were made by crossing ms lines with CAZRI restorer lines. Among six populations, nine hybrids, 18 inbreds and 12 male sterile lines evaluated during summer season, populations CZP 2K-9, CZP 9603 and CZ-IC 923; hybrids CZH 233 and CZH 227; inbreds CZI 2002/6, CZI 2012/13; CZI 2011/7 and 2012/5, and male sterile lines CZMS 21B and ICMB 93333 performed well under high temperature conditions.

Among 28 accessions of barley evaluated at Leh, accessions BGR-126, IC 328648, BGR 57, IC 429889, PI 429902, IC 393960 and BGR 87 performed well with regard to seeds per spike and tillering.

Fifty promising mutants of mung bean developed by gamma irradiation of the parent varieties, viz. S-8, K851 and RMG-267 were evaluated under rainfed conditions. Mutants CZM-16 produced highest seed yield (833 kg ha^{-1}) compared to parent varieties (417-521 kg ha^{-1}). Large variation observed in assimilatory surface area (452-1751 cm^2 plant^{-1}), leaves number (5-15 plant^{-1}), dry weight (9.22-26.66 g plant^{-1}), pod numbers (10-119 plant^{-1}) and seed yield (275-550 kg ha^{-1}) of mung bean indicated wide variability existing among its genotypes.

Three genotypes (IC 116866, IC 116865 and IC 329038) were found promising among 250 clusterbean genotypes evaluated during summer season.

Evaluation of 240 chickpea recombinant inbred lines (RILs) along with their two parents (ICC 995 – low protein; ICC 5912 – high protein) showed that ICCRIL07-0029, ICCRIL 07-0112, ICCRIL 07-0147, ICCRIL 07-0183 and ICCRIL07-0210 were early in flowering (~60 days) with no incidence of Fusarium wilt or termite damage.

Among 22 promising lines of watermelon, genotype CAZJK-16 was the highest seed yielder (169.6 g plant^{-1}) followed by CAZJK-39 (163.4 g). Further, 87 F_4 progenies of seed purpose watermelon were evaluated and maximum seed yield per plant was of progeny SPS-5 × EC- 677190-21-2-56 (140.7 g) followed by DRB-653 × DRB-661-28-2-68 (127.5 g).

33 क्लोनों में से क्लोन संख्या 1270, 1271, 1287, 1308 एवं बीज रहित शान्ता मारगेरिटा बेलाइस, ब्ल्यु मोटो, बीज रहित रेक्कापालुम्बा और मोराडो ने क्षेत्र में अच्छी वृद्धि प्रदर्शित की।

ग्रेविया टेनेक्स के कुल 30 जननद्रव्य जैसलमेर (13), जोधपुर (5), पाली (11) एवं बाड़मेर (01) जिलों के विभिन्न प्राकृतिक परिवेशों एवं 100 से 450 मि.मी. वर्षा की विविधता वाले क्षेत्रों से एकत्रित किये गये। जबकि *इंडिगोफेरा ओबलोंगीफोलिया* के 5 जननद्रव्य, जैसलमेर (01) एवं पाली (04) जिलों से एकत्रित किये गये।

करोन्दा की आठ प्रविष्ठियों की, आँवला की आठ किस्मों (आनन्द–2, बनारसी, चकैया, फ्रान्सिस, कृष्णा, कंचन, एनए–7 और एनए–1) की और गोन्दा की तेरह प्रविष्ठियों की आरएपीडी की सहायता से आणविक अभिलाक्षिणकी की गई।

कूमट के बीजों का राइजोबियम कल्चर से टीकाकरण करने पर अनोपचारित बीजों की तुलना में अधिक अंकुरण और तीन से पाँच गुणा ज्यादा प्रेरित नोडुलेशन और अधिक पौध वृद्धि हुई।

खेजड़ी के फलने वाले वृक्षों में, औसत 197.8 ग्राम सूखी फली उपज प्रति वृक्ष, 132.3 ग्राम 100–फली वजन, 29.2 ग्राम बीज उपज प्रति वृक्ष, 6.9 बीज प्रति फली और 4.0 ग्राम 100 दानों का वजन गृट्टी द्वारा स्थापित वृक्षों से मिला जो कि बीज द्वारा लगाए गए पौधों (क्रमशः 107.5 ग्राम, 96.9 ग्राम, 11.3 ग्राम प्रति वृक्ष, 4.7 बीज प्रति फली और 3.4 ग्राम) से ज्यादा था। जाल की औसत फल उपज प्रति झाँड़ी 4.06 ग्राम थी जिसका विस्तार 1.17 ग्राम (परिग्रहण सं. 209) से 13.45 ग्राम (परिग्रहण सं. 215) था।

राजस्थान के 8 जिलों से 228 पेड़ों (कुल 37 संतति) से लाल, नांरगी और पीले रंग के फूलों वाले मारवाड़ टीक के पेड़ों से पत्तियाँ एकत्रित की गई।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के मेगा सीड प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न फसलों का कुल 122 क्विंटल बीज पैदा किया गया। काजरी मोठ–2 (3.7 कि.ग्रा.) और काजरी–75 अंजन घास (2.15 कि.ग्रा.) के नाभिक बीज भी एनएसपी (बीएसपी) के तहत तैयार किये गये। बाजरा की किस्म सीजेड–आईसी–923 का 50 कि.ग्रा. बीज खुले परागण प्रक्रिया द्वारा तैयार किया गया।

एकीकृत शुष्क भूमि कृषि पद्धति अनुसंधान

वृक्ष–फसल प्रणालियों में बाजरा की अधिकतम उत्पादकता (989 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) खेजड़ी के साथ व मूंग (401 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) की बेर के साथ दर्ज की गई, किन्तु मोठ व ग्वार की उत्पादकता में बेर के साथ उल्लेखनीय गिरावट हुई। विभिन्न प्रणालियों में बाजरा का मूंग, मोठ व ग्वार के साथ अन्तःफसलीकरण करने पर सर्वाधिक भूमि तुल्यांकी अनुपात (एल.ई.आर.) खेजड़ी आधारित प्रणाली में रहा जो क्रमशः 1.15, 1.24 व 1.14 था। आई.

Thirty three clones of cactus pear were multiplied in pots at RRS, Kukma-Bhuj. Four months after transplantation in field, 14 clones showed 100 per cent survival, 8 clones had 90 per cent survival and 8 exhibited more than 50 per cent survival. The number of cladodes produced varied from 1 to 11. The clone nos 1270, 1271, 1287, 1308 and clones Seedless Santa Margherita Belice, Blue Motto, Seedless Roccapalumba and Morado exhibited vigorous growth under field condition.

Thirty germplasm of *Grewia tenax* were collected from Jaisalmer (13), Jodhpur (5), Pali (11) and Barmer (01) districts representing diverse habitats and rainfall gradient ranging from 100 to 450 mm. In case of *Indigofera oblongifolia* five germplasm were collected from Jaisalmer (1) and Pali (4) districts.

Molecular characterization of 8 accessions of karonda, eight varieties of aonla (Anand-2, Banarasi, Chakaiya, Francis, Krishna, Kanchan, NA7 and NA10) and thirteen accessions of gonda (*Cordia myxa*) was done through RAPD analysis.

Seed inoculations of *Accacia senegal* with *Rhizobium* culture enhanced seed germination, induced nodulation by three to five times and improved the seedling growth as compared to untreated seeds.

Average pod yield, 100 pod weight, seed yield, number of seeds per pod and 100 seed weight were more in vegetatively propagated *Prosopis cineraria* plants (197.8 g tree^{-1}, 132.3 g, 29.2 g tree^{-1}, 6.9 pod^{-1}, 4.0 g, respectively) than the plants raised from seeds (107.5 g tree^{-1}, 96.9 g, 11.3 g tree^{-1}, 4.7 pod^{-1} and 3.4 g, respectively). Mean dry fruit yield/shrub of fruit bearing *Salvadora oleoides* shrubs was 4.06 g and it ranged from 1.17 g for accession no. 209 to 13.45 g for accession no. 215.

Leaves of 228 trees (37 populations) of Marwar teak (*Tecomella undulata*) representing red, orange and yellow coloured flower bearing trees, were collected for DNA isolation from 8 districts of Rajasthan.

Under ICAR Mega Seed Project, a total of 122 quintal TFL seed was produced. Nucleus seed of moth bean var. CAZRI Moth-2 (3.7 kg) and *C. ciliaris* var. CAZRI-75 (2.15 kg) was also produced under NSP (BSP). Seed of open pollinated pearl millet variety CZ-IC 923 (50.0 kg) was multiplied in isolation.

एफ.एस. में विभिन्न चारागाह पद्धतियों की उत्पादकता प्राकृतिक चारागाह के मुकाबले 2.7 से 3.2 गुना अधिक रही।

कृषि–उद्यान–वानिकी के अन्तर्गत रोपित सभी वानिकी एवं फल वृक्षों (नींबू, मोपेन एवं शीशम) की बढवार फसलों के अंतःसस्यन के साथ बिना अंतःसस्यन (अकेले वृक्षारोपण) की अपेक्षा अधिक पाई गई। ग्वार (1692.5 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर), मूंग (886.3 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) एवं ग्वारपाठा (10.36 टन प्रति हैक्टेयर) का उच्चतम उत्पादन नींबू (5 मी. × 6 मी.) के साथ अंतःसस्यन में प्राप्त हुआ।

बेर एवं खेजड़ी उत्पादन प्रणाली में ग्वार का क्रमशः 368 एवं 359 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर, चवला का क्रमशः 450 एवं 435 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर एवं टिण्डा का 12208 एवं 11958 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर उत्पादन वर्षा आधारित उत्पादन प्रणाली में हुआ। संग्रहित जल से क्रान्तिक अवस्था में पूरक सिंचाई करने से ग्वार, चंवला एवं टिण्डा की उपज में वृद्धि क्रमशः 23, 27 एव 19 प्रतिशत बेर आधारित उत्पादन प्रणाली तथा क्रमशः 22, 31 एवं 16 प्रतिशत वानिकी आधारित कृषि प्रणाली में हुई।

पुर्नरुधारित बेर की औसत उपज 6 मीटर × 6 मीटर की तुलना में 6 मीटर × 12 मीटर (32.7 कि.ग्रा. प्रति पेड़) दूरी में अधिक दर्ज की गई। बेर प्रजातियों के अंतर्गत गोला–मूंग (43.3 कि.ग्रा. प्रति पेड़) में अधिकतम तथा उमरान–सोनामुखी में न्यूनतम उपज दर्ज की गई। परंतु समग्र रूप से अधिकतम प्रणाली उत्पादकता (बेर बराबर उपज) गोला–मूंग में 6 मीटर × 6 मीटर में (13612 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) तथा न्यूनतम उमरान–सोनामुखी में 6 मीटर × 12 मीटर के तहत दर्ज की गई।

साइकोसिल 100 पीपीएम एवं पैक्टोब्यूट्राजोल 200 पीपीएम के संयोजन के छिड़काव से सेवण घास के विभिन्न आकारिकी कार्यिकी एवं पैदावार से सम्बन्धित लक्षणों में सुधार हुआ जोकि सेवण घास की बीज उपज बढ़ाने में मददगार रहे।

सैलीसिलिक अम्ल, थायोसैलीसिलिक अम्ल तथा 5–सल्फोसैलीसिलिक अम्ल के ग्वार फसल में पर्णीय छिडकाव से कुल पर्णहरित, सुपरआक्साइड डीसमुटेज गतिविधि तथा एस्कोबेट परऑक्सीडेज गतिविधि में क्रमशः 13–25, 11–40 और 14–45 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

नियंत्रित की अपेक्षा नीम खल के प्रयोग से जीरा की उपज में 86.2 प्रतिशत, जैव कीट नियंत्रक के प्रयोग से 264.2 प्रतिशत व दोनों के सम्मिलित प्रयोग से 303.6 प्रतिशत की वृद्धि मिली। जैविक खाद के क्रमशः 1.5, 3.0 व 4.5 टन प्रति हैक्टेयर के प्रयोग से नियंत्रित की अपेक्षा 41.5, 67.5 व 127.97 प्रतिशत अधिक उपज मिली। जैव कीट नियंत्रक के प्रयोग से तिल के फिलोडी रोग में 87 प्रतिशत व ग्वार के जीवाणु पर्णभस्मक रोग में 92 प्रतिशत बचाव हुआ।

Integrated Arid Land Farming System Research

In agroforestry and agri-horti systems, productivity of pearl millet (989 kg ha^{-1}) was highest under *P. cineraria* and that of mung bean (401 kg ha^{-1}) under jujube. The highest land equivalent ratio was recorded under *P. cineraria* for intercropping of pearl millet with mung bean, dew gram and clusterbean viz., 1.15, 1.24 and 1.14, respectively. The productivity of various pastoral systems in IFS increased by 3.2-2.7 times compared to natural pasture.

The growth of citrus, mopane and shisham trees in agri-horti-silvi system was higher than their sole planting. The productivity of intercrops, namely clusterbean (1692.5 kg ha^{-1}), mung bean (886.3 kg ha^{-1}) and *Aloe vera* (10.36 ton ha^{-1}) was highest in intercropping with citrus planted at 5 m × 6 m spacing.

Under rainfed condition, production of clusterbean, cowpea and *C. fistulosus* in ber and khejri based farming systems was 368 and 359 kg ha^{-1}, 450 and 435 kg ha^{-1}, and 12208 and 11958 kg ha^{-1}, respectively. Supplemental irrigation from harvested rainwater at critical growth stages of the crops improved biomass yield of clusterbean, cowpea and *C. fistulosus* to the tune of 23, 27 and 19 per cent with ber and 22, 31 and 16 per cent with khejri, respectively.

Interaction effect of rejuvenated ber varieties with intercrops revealed that yield of all the three intercrops i.e. mung bean (793 kg ha^{-1}), pearl millet (1785 kg ha^{-1}) and senna (600 kg ha^{-1}) were higher with Gola in 6 m x 12 m spacing. Overall highest system productivity in terms of ber equivalent yield (13612 kg ha^{-1}) was recorded in Gola + mung bean in 6 m x 6 m spacing and minimum in Umran + senna in 6 m x 12 m spacing (3499 kg ha^{-1}).

The combination of Cycocel (100 ppm) and Pactobutrazol (200 ppm) was found effective for improving seed set and seed yield in sewan grass. The foliar spray of salicylic acid, thiosalicylic acid and 5-sulfosalicylic acid in clusterbean increased total chlorophyll content (13-25%), superoxide dismutase activity (11-40%) and ascorbate peroxidase activity (14-45%) compared to water spray control.

Cumin yield increased by 86.2 per cent with neem cake application, 264.2 per cent with the biopesticide spray and 303.6 per cent with the use of both, over control. Yield increase with manure application @ 1.5, 3.0 and 4.5 ton ha^{-1} was 41.5, 67.5 and 127.9 per cent, respectively over control.

सेंक्रस सेटिजेरस + क्लाईटोरिया टरनेसिया (5502 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) के अंतःसस्यन ने अधिकतम शुष्क उत्पाद तथा *डाईकेन्थीयम एन्युलेटम + क्लाईटोरिया टरनेसिया* (9787 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) के अंतःसस्यन ने अधिकतम ताजा उत्पाद बाकी उपचारों की तुलना में दिया।

बिना उर्वरक 22 वर्ष तक बाजरा की निरतंर खेती करने पर 332 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर अनाज का उत्पादन हुआ। 20 और 40 किलो नत्रजन प्रति हैक्टेयर के अनुप्रयोग से अनाज का उत्पादन क्रमशः 370 तथा 395 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर प्राप्त हुआ। 2.5 और 5 टन जैविक खाद के अनुप्रयोग से क्रमशः 459 और 561 कि.ग्रा. उपज प्राप्त हुई। अधिकतम अनाज की उपज (687 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) 5 टन जैविक खाद और 40 कि.ग्रा. नत्रजन प्रति हैक्टेयर का संयुक्त रूप से प्रयोग करने पर प्राप्त हुई। जैविक खाद के उपयोग से कार्बन प्रबन्धन सूचकांक में वृद्धि दर्ज की गई।

बीकानेर क्षेत्रों में गेहूँ की फसल हेतु पूर्ण सिंचाई की तुलना में 20 प्रतिशत कम सिंचाई मात्रा का प्रयोग तथा 120 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर नत्रजन दर अधिक उपज तथा जल उत्पादकता प्राप्त करने हेतु उपयुक्त पाए गए।

बाजरा व ग्वार के जीन प्रारूपों की जल न्यूनता की परिस्थितों में लचीलेपन की जांच से यह स्थापित होता है कि सीजेडएच–225, सीजेडएच–227, सीजेड–2के–09 व सीजेड–2के–03 को भविष्य में बाजरा सुधार योजनाओं में काम में लिया जा सकता है। इसी प्रकार ग्वार में जीएयूजी–825 एवं एचजी–884 को भविष्य की सुधार योजनाओं में काम में लिया जा सकता है।

फल प्रजाति के वृक्षों में नींबू द्वारा (119.2 ग्राम प्रति वर्ग मीटर), झाड़ियो में फोग द्वारा (168.6 ग्राम प्रति वर्ग मीटर) व घासों में धामण घास द्वारा (38.9 ग्राम प्रति वर्ग मीटर) अन्य प्रजातियो की अपेक्षा अधिक पर्णपतन हुआ।

खेजड़ी आधारित कृषि वानिकी प्रणाली में मोठ और ग्वार फसलों की औसत अनाज पैदावार क्रमशः 132.78 व 311.11 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर दर्ज़ की गई, जबकि रोहिड़ा आधारित कृषि वानिकी प्रणाली में इन फसलों की औसत अनाज पैदावार क्रमशः 128.92 व 431.56 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर दर्ज़ की गई।

लिगनाईट/लियोनारडाईट के भिन्न भिन्न खनन क्षेत्रों से लिए गये 9 नमूनों में कार्बन की मात्रा 50.1–74.0 प्रतिशत के मध्य पाई गई। इन नमूनो में नाइट्रोजन की मात्रा 0.1–0.5 प्रतिशत थी। इनसे बनाये गये ह्यूमिक अम्ल में कार्बन व नाइट्रोजन की अधिकतम मात्रा क्रमशः 53.79 व 0.134 प्रतिशत थी। फेल्सपार से पॉटेशियम को घुलनशील बनाकर निस्तारण के लिये तीन कवक व एक बैक्टीरिया की पहचान की गई।

Spray of biopesticides prevented mycoplasmic infection in 87 per cent plants of sesame and bacterial leaf blight disease in 92 per cent plants of clusterbean.

Cenchrus setigerus + *Clitoria ternatia* (5502 kg ha^{-1}), gave maximum dry matter yield but combination of *Dicanthium annulatum* + *C. ternatia* (9787 kg ha^{-1}) recorded highest fresh herbage yield compared to other treatments.

Continuous cropping of pearl millet without fertilizer application produced 332 kg grain ha^{-1} in 22nd year. Application of 20 and 40 kg N ha^{-1} significantly increased grain yield (370 and 395 kg ha^{-1}, respectively) over control. Application of 2.5 and 5 t FYM alone produced 459 and 561 kg grain ha^{-1}, respectively. The maximum grain yield (687 kg ha^{-1}) was obtained with the application of 5 t FYM along with 40 kg N ha^{-1}. Carbon management index was markedly greater for all the INM treatments than that for inorganic fertilizer treatments.

Irrigation at 80 per cent of ETm and 120 kg N ha^{-1} application were found to be appropriate irrigation and nitrogen application rates for wheat for higher production and water productivity in Bikaner region.

Among the genotypes screened for resilience under water stress, pearl millet genotypes CZH-225, CZH-227, CZ-2K-09 and CZ-2K-03 were identified as promising for future improvement programs. Similarly, GAUG-825 and HG-884 were promising genotypes of clusterbean.

Citrus produced maximum litterfall (119.2 g m^{-2}) among citrus, bael and gonda fruit trees. Between the shrubs, *Calligonum polygonoides* (168.6 g m^{-2}) accumulated more litter as compared to *Haloxylon salicornicum* (46.7 g m^{-2}). Litterfall from *Cenchrus ciliaris* (38.9 g m^{-2}) was more as compared to *Lasiurus sindicus* (21.7 g m^{-2}).

The average grain yield of moth bean and clusterbean under *P. cineraria* based agroforestry system was 132.78 and 311.11 kg ha^{-1} respectively, while their grain yield under *T. undulata* based agroforestry system was 128.92 and 431.56 kg ha^{-1} respectively.

Carbon content in nine samples of lignite collected from different mining sites in Barmer district varied widely (50.1-74.0%). Maximum C and N content in the humic acid prepared from the lignite samples were 53.79 and 0.134 per cent, respectively. Three fungal and one bacterial isolates showing K solubilisation ability from feldspars were isolated.

जीवाण्वीय अंतःसहजीवी *बैसीलस सब्टीलीस* आरइएन51एन से मूंगफली की फली और पुवाल उपज में क्रमशः 20.5 और 21.5 प्रतिशत की वृद्धि 3 डेसी सीमेन्स प्रति मीटर लवणता स्तर तक दर्ज की गई। *बैसीलस फर्मस* जेएन22एन से मूंगफली की फली और पुवाल उपज में वृद्धि केवल अलवणिय मिट्टी में दर्ज की गई जबकि *बैसीलस टेक्वीलेक्सीस* ने मूंगफली की उपज को प्रभावित नहीं किया।

एकीकृत भूमि एवं जल संसाधन प्रबंधन

बावरली–बम्बोर जलग्रहण क्षेत्र की मृदा मध्यम क्षारीय, गैर कैल्शियम युक्त है और मिट्टी में जैविक कार्बन 0.05 से 0.2 प्रतिशत है। मृदा में उपलब्ध पोटेशियम मध्यम (117–280 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) और उपलब्ध फॉस्फोरस कम (10 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर से कम) है। अपवाह गेज–1 पर 18.9–26.7 प्रतिशत और गेज–2 पर 20.1–27.9 प्रतिशत दर्ज किया गया।

जन जातीय उपयोजना द्वारा पोषित बरनिया जलग्रहण परियोजना में खरीफ व रबी की उन्नत फसलों की उत्पादन पद्धतियों के प्रदर्शन हेतु चयनित किसानों को चावल, उडद, गेहूँ व चने के बीज वितरित किए गए। बागबानी विकास के तहत आम (मल्लिका) के 500 पौधों का वितरण किया गया। किसानों की कृषि कार्य क्षमता बढाने के लिए एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेयजल की समस्या से निपटने के लिए 21000 लीटर क्षमता वाले 3 वर्षाजल संग्रहण टांकों का निर्माण किया गया। मृदा की पोषक तत्वों की जानकारी के लिए विभिन्न स्थानों से मृदा के 64 नमूने एकत्रित किए गए।

ग्वार की पैदावार 363 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर (टी–4: डिस्क हैरो पाटा सहित + कचरा पंक्ति फसल) से 1029 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर (टी–3: डिस्क प्लाउ + डिस्क हैरो पाटा सहित) तथा तिल की पैदावार 104 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर (टी–4) से 636 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर (टी–2: डिस्क हैरो पाटा सहित) तक थी। तिल तथा ग्वार की टी–4 में पाई गई न्यूनतम उपज का संबंध काचरा द्वारा पानी के उपयोग से किया जा सकता है। किन्तु समतुल्य मूल्य आधार पर ग्वार (4736 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) तथा तिल (1418 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) दोनों फसलों की पैदावार टी–4 में सबसे अधिक थी। ग्वार के साथ बोई गई काचरा की उपज तिल के साथ बोई गई काचरा से अधिक थी।

पानी की 40 प्रतिशत कम आपूर्ति के कारण सरसों की किस्म जीएम 4 (11.6 प्रतिशत) की अपेक्षा किस्म जीएम 2 की उपज में अधिक कमीं (19.1 प्रतिशत) दिखाई दी। मेथी की किस्म आरएमटी 305 गुजरात मेथी–1 की अपेक्षा बेहतर थी और किस्म आरएमटी 305 (9.5 प्रतिशत) की अपेक्षा गुजरात मेथी–1 की उपज (20.0 प्रतिशत) में अधिक कमी थी। जौ की किस्म आरडी 2035 (14.1 प्रतिशत) और आरडी 202794 (9.7 प्रतिशत) की तुलना में किस्म आरडी 2715 में अनाज उपज में उच्च कमी (22.7 प्रतिशत) देखी गई।

The bacterial endosymbiont, *Bacillus subtilis* REN15N was found to increase pod and haulm yield of groundnut by 20.5 and 21.5 per cent, respectively up to soil salinity level of 3 dS m^{-1}. Another bacterial endosymbiont *Bacillus firmus* J22N enhanced pod and haulm yield of groundnut only under non-saline conditions. Inoculation with *B. tequilensis* did not affect the yield of groundnut.

Integrated Land and Water Resources Management

Soils in Baorali-Bambore watershed are moderately alkaline, non-calcareous with soil organic carbon content of 0.05 to 0.2 per cent. Soils have moderate amount of available potassium (117-280 kg ha^{-1}) and are low in available phosphorous (<10 kg ha^{-1}). Runoff varied from 18.9 to 26.7 per cent at Gauge-I and 20.1 to 27.9 per cent at Gauge-II.

Under TSP project in Bernia watershed, improved *kharif* and *rabi* crop production technologies were demonstrated. Seeds of improved varieties of paddy, urd, wheat and gram were distributed along with fertilizers. Five hundred seedlings of mango (Mallika) plants were given to 110 farmers. Three rainwater harvesting tanks of 21000 litres capacity were constructed at selected locations. Sixty four soil samples were collected from different locations to prepare soil health cards.

Clusterbean yield ranged from 363 kg ha^{-1} in T4 (disc harrow with planking + bio-strip of snap melon) to 1029 kg ha^{-1} in T3 (disc plough + disc harrow with planking), while sesame yields varied from 104 kg ha^{-1} in T4 to 636 kg ha^{-1} in T2 (disc harrow with planking). The minimum yield of both clusterbean and sesame crops in T4 may be attributed to utilization of water by snap melon (kachra) crop. However, on equivalent yield basis, T4 produced maximum yield with both clusterbean (4736 kg ha^{-1}) and sesame (1418 kg ha^{-1}). The yield of kachra was higher with clusterbean (11530 kg ha^{-1}) than with sesame (8580 kg ha^{-1}).

The field experiment on deficit irrigation indicated that water deficit during most sensitive stage (30-60 DAS) led to yield reduction to the extent of 52 per cent in groundnut, 35.03 per cent in mustard, 35.8 per cent in barley and 40.29 per cent in fenugreek with water productivity of 2.7, 3.7, 6.4 and 2.6 kg ha^{-1} mm^{-1} respectively. Different varieties of crops responded differently to water deficit conditions and varieties GM 4 (11.6%) of mustard, RMT 305 (9.5%) of fenugreek and RD 202794 (9.7%) of barley showed least reduction in yields.

कुकमा जलग्रहण क्षेत्र में वर्षा–अपरदित कारक का मान तीन वर्षों की वार्षिक वर्षा के परिमाण से सीधे सीधे सबंधित पाया गया। जलग्रहण क्षेत्र के दक्षिणी भाग में ढाल–लम्बाई कारक का मान कम (0.3) है और ढाल–तीक्षणता कारक का मान अधिक (1 से अधिक) है जहाँ भू–सतह कि ऊंचाई तथा ढाल दोनों ही अपेक्षाकृत अधिक हैं।

पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन सुधार

मध्य मई से लेकर जून तक थारपारकर बाड़े एवं चराई वाली गायों में पानी की मांग औसतन क्रमशः 49.06 तथा 52.91 लीटर प्रतिदिन थी जबकि राठी गायों के दोनों समूहों में क्रमशः 58.23 तथा 59.40 लीटर प्रतिदिन थी। थारपारकर गायों में पानी की मांग राठी गायों कि तुलना में कम थी, पर इनकी औसत दुग्ध उत्पादन की दर राठी गायों कि तुलना में अधिक थी। प्रति लीटर पानी के सेवन से थारपारकर के बाड़े एवं चराई वाले समूह में दैनिक दुग्ध उत्पादन क्रमशः 127 तथा 124 मिलीलीटर था जबकि राठी गायों में यह दर क्रमशः 124 तथा 97 मिलीलीटर रही।

थारपारकर गायों के समूह की बछड़ियों के पहले ब्यांत की उम्र 451.81 महीने थी, 305 दिनों के औसत दुग्धकाल में गायों से 2026.68±97.38 लीटर तथा 321 दिनों के दुग्धकाल से 2131.51 लीटर दूध मिला। दूध में औसतन वसा की मात्रा 4.11±0.063 प्रतिशत रही। औसतन पशुओं में सूखा अवधि और बयांत अन्तराल क्रमशः 81.25±14.56 तथा 388±27.40 दिन थे।

बहु पोषक फीड ब्लॉक के परीक्षण 38 किसानों के दूध देने वाली 19 भैंस और 22 गायों पर किए गए। बहु पोषक फीड ब्लॉक को तीन महीने तक खिलाने पर भैंस में औसतन 8.91 प्रतिशत तथा गायों में 10.58 प्रतिशत दूध की बढ़ोत्तरी दर्ज कि गई। इसी प्रकार बहु पोषक मिश्रण के परिक्षण 10 गावों के 38 किसानों के यहाँ 40 दूध देने वाली बकरियों पर किए गए। बकरियों के दैनिक दुग्ध उत्पादन में औसत बढ़ोत्तरी 15.61 प्रतिशत रही। यूरिया उपचार से चारे की पोष्टिकता बढ़ाने के परीक्षण 74 किसानों के यहाँ किए गए। इस तकनीकी से 168 क्विटल गेहूँ के भूसे को उपचारित करके 150 पशुओं को खिलाया गया।

हरा चारा उत्पादन की उन्नत विधीयों के 173 प्रदर्शन किसानों के खेत पर लगाए गए। रिजका की उन्नत किस्म आन्नद 2 से जायल तहसील के गावों में हरे चारे का उत्पादन 48.5 से 54.8 टन प्रति हैक्टेयर मिला और मेड़ता तहसील के गावों में उत्पादन 64. 7–83.8 टन प्रति हैक्टेयर रहा। गावों में प्रचलित किस्मों कि तुलना में इस किस्म से जायल तथा मेड़ता में चारे के उत्पादन में क्रमशः 17. 7 तथा 15.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जई की दो कटाई से 20–43 टन हरा चारा प्रति हैक्टेयर मिला। चारा चुकंदर से 60–70 टन जड़ें तथा 8–15 टन हरी पत्तियां प्रति हैक्टेयर प्राप्त हुई। बाजरा की उन्नत किस्म रिजका बाजरी तथा ज्वार की उन्नत किस्म एसएसजी–778 के क्षेत्र प्रदर्शन में रिजका बाजरा से 27.8–43.3 टन तथा ज्वार कि

In Kukma watershed, rainfall-erosivity factor was observed to be linearly related to annual rainfall for three years. In southern portion of the watershed, values of slope-length factor are low (0.3) and the values of slope-steepness factor are high (>1) where the topographic elevation and slope are relatively high.

Improvement of Livestock Production and Management

Average water intake of Tharparkar cattle was 49.06 and 52.91 litres day^{-1} for stall fed and grazing animals, respectively which was lower than the water intake of Rathi cattle (58.23 and 59.40 litres day^{-1}, respectively) during May to mid-June. However, the water productivity of stall fed Tharparkar cattle was 127 ml milk per litre of water intake whereas in Rathi it was only 89 ml milk per litre of water intake. Similarly, grazing lactating Tharparkar cattle produced 124 ml milk per litre of water intake whereas in Rathi it was 97 ml milk per litre of water intake.

The age at first calving in Tharparkar herd was 45±1.8 months; the average lactation yield was 2026.68±97.38 litres in 305 days and 2131.51 litres in a lactation period of 321 days. Animals produced peak yield of 9.96±0.58 litre in lactation. The average fat percentage in milk was 4.11±0.063. The dry period and calving interval were 81.25±14.56 and 388.25±27.40 days, respectively.

Feeding trials of multi-nutrient feed block (MNB) were conducted at 38 farmers' field for 19 lactating buffaloes and 22 lactating cattle. An average increase in daily milk yield of buffaloes and cows was 8.91 and 10.58 per cent, respectively due to feeding of MNBs. Feeding trial of multi-nutrient mixture was conducted on 40 lactating goats in 10 villages resulting in average increase in daily milk yield by 15.61 per cent. About 168 quintal of wheat straw was treated with urea at 74 farmers' fields and benefiting 150 animals.

Improved fodder production technologies for year round fodder production were demonstrated at 143 sites in different villages of Nagaur district. Green fodder yield of lucerne (Anand-2) ranged from 48.5 to 54.8 t ha^{-1} in different villages of Jayal and from 64.7 to 83.8 t ha^{-1} in villages of Merta tehsil. The increase in fodder yield due to improved variety was 17.7 and 15.1 per cent compared to the local variety. Green fodder yield of oat ranged from 20 to 43 t ha^{-1} from two cuttings. Similarly fresh tuber yield of fodder beet was 60-97 t ha^{-1} in addition to 8-15 t ha^{-1} green leaves. Field demonstrations revealed forage yield of 27.8-43.3 t ha^{-1} from improved varieties of fodder pearl millet (Rijka bajri) and

उन्नत किस्म से 16.8–26.4 टन हरा चारा प्रति हैक्टेयर प्राप्त हुआ। क्षेत्र के किसानों में रिजका बाजरा के प्रति रूचि ज्वार की उन्नत किस्म एसएसजी–778 की तुलना में ज्यादा देखी गई क्योंकि ज्वार में सिचाई जल कि आवश्यकता बाजरा से अधिक थी।

धामण (*सेन्क्रास सिलियारिस*) तथा मोड़ा धामण (*सेन्क्रास सेटिजेरस*) घासों के विकसित चारागाहों का बेरीगंगा क्षेत्र की कम गहराई वाली जमीन पर उत्पादन 1.3–1.5 टन और नागौर जिले के हरसोलाव गाँव में 1.4–1.8 टन प्रति हैक्टेयर रहा। प्राकृतिक चारागाहों (0.2–0.5 टन प्रति हैक्टेयर) की तुलना में उन्नत चारागाहों का उत्पादन दोनों जगहों पर अधिक पाया गया।

पादप उत्पाद एवं मूल्य संवर्धन

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के कोठरी ब्लोक में *ब्यूटिया मोनोस्पर्मा* से गोंद उत्पादन हेतु किए गए परिक्षण में उपचार पश्चात् उपचारित पेड़ से चार से पांच दिन के बीच गोंद का रिसाव शुरू हो गया जो कि चार से छह दिन तक जारी रहा। गोंद की औसत उपज 122 ग्राम प्रति पेड़ प्राप्त की गई।

पथरीली एवं अर्ध पथरीली भूमियों में *अकेशिया सेनेगल* पर गोंद उत्प्रेरक की आधी दर उपयोग करने पर 129.01 ग्राम गोंद प्रति पेड़ प्राप्त हुआ तथा गोंद उत्प्रेरक की सामान्य दर (195 मि.ग्रा. ईथेफोन प्रति मिली लीटर घोल) से उपचारित करने के साथ 2 सिंचाई एवं खाद के प्रयोग से गोंद उत्पादन 188.5 ग्राम प्रति पेड़ हुआ।

बालू के टीले एवं गहरी बालू में उगे *अकेशिया सेनेगल* से गोंद का रिसाव पाँचवे दिन से शुरू हुआ वहीं मिश्रित टिले एवं गहरी बालू में गोंद का रिसाव सातवें दिन प्रारम्भ हुआ तथा गहरी बालू एवं कंकरीले इलाकों में गोंद का रिसाव दसवें दिन प्रारम्भ हुआ। कंकरीले क्षेत्र में रिसाव तेरह से चोदह दिन बाद ही अंकित किया गया।

खुशबूदार हर्ब में धनियाँ, पुदीना व मेथी और मसाला में हरी मिर्च को विकसित सौर शुष्कक में सुखाया गया और सूखे उत्पादो की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। अनुमानित वार्षिक लाभ एक साल छः माह के ऋण वापसी अन्तराल में ₹ 65,949 प्राप्त हुआ।

स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्राकृतिक पदार्थ जैसे बेर, टमाटर, *पी. जूलिफ्लोरा* मीसोकार्प तथा मेथी / पोदीना की हरी पत्तियों को 5 तथा 10 प्रतिशत के स्तर पर ब्रेड की सामग्री में सम्मिलित किया गया जिससे कार्यात्मक खाद्य में ऊर्जा, प्रोटीन और वसा की मात्रा में सामान्य ब्रेड की तुलना में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

समन्वित नाशीजीव प्रबन्धन

नीम पाउडर (400 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर), *मैटाराइजियम एनाइसोप्ली, ट्राइकोडर्मा हार्जिनम, पिसिलोमाइसिस लिलेसिनम*

16.8-26.4 t ha^{-1} from improved variety of sorghum (SSG-778). Rijka bajri cultivation was preferred by farmers because of its low water requirement compared to that of SSG-778.

Improved pasture of *Cenchrus ciliaris* and *Cenchrus setigerus* grasses were developed at grazing land of Beriganga area of Jodhpur and Gaushala land of Harsolav village in Nagaur district. Dry forage yield of *C. ciliaris* and *C. setigerus* ranged from 1.3 to 1.5 t ha^{-1} under shallow-soil condition of Beriganga area and 1.4 to 1.8 t ha^{-1} at Harsolav. The productivity of sown pasture was very high compared to natural vegetation (0.2-0.5 t ha^{-1}).

Plant Products and Value Addition

In Kotari block of Bhilwara district, exudation of gum was noticed 4-5 days after treatment of *Butea monosperma* plants with gum induction technology, which further continued up to 4-6 days. Average gum yield was 122 g per tree.

Gum production from *A. senegal* at Bhopalgarh farm was 129 g per tree when half of normal dose was applied, however full dose of gum inducer (195 mg ethephon ml^{-1} of solution) + 2 irrigations + manuring resulted in production of gum Arabic to the tune of 189 g per tree.

A. senegal trees growing in five different landforms were treated with gum inducer. Gum exudation started five days after treatment in duny and deep sandy areas. In mixed dunes+deep sand formation, gum exudation started after seven days and in deep sand+gravelly formation, gum exudation initiated 10 days after the treatment. Gum exudation process started after 13-14 days in case of gravelly land forms. The gum Arabic production was highest on sand dunes followed by dunes+deep sand formation and lowest in gravelly land form.

Aromatic herbs namely coriander, mint, fenugreek and spice namely green chilli were dried in solar drier and quality of dried products was found to be good. Economic analysis revealed the annual profit of about ₹ 65,949 with a payback period of 1.5 years.

Baked functional foods' ingredients were optimized with 5 and 10 per cent supplementation with locally available, naturally occurring plant material viz., ber, tomato, *Prosopis juliflora mesocarp* and green leaves of fenugreek/mint. The nutrient analysis of the developed breads revealed that calorie, protein and fat content

और गोबर की खाद (4 टन प्रति हैक्टेयर) का संयोजन ग्वार फसल (आरजीसी–936) में दीमक और रूट रोट से संरक्षण के लिए प्रभावी रहा और सर्वाधिक उपज (1107 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) प्राप्त हुई। अकेले गोबर की खाद के प्रयोग से सबसे कम सुरक्षा मिली। दीमक के खिलाफ सबसे प्रभावी उपचार नीम पाउडर, *मैटाराइजियम एनाइसोप्ली* और गोबर की खाद के साथ मिट्टी संशोधन था। शुष्क जड़ सड़ांध के खिलाफ सबसे प्रभावी उपचार नीम पाउडर, *ट्राइकोडर्मा हार्जिनम* और गोबर की खाद के साथ मिट्टी संशोधन था।

मिर्च में तीन जैव नियन्त्रकों (*मैटाराइजियम एनाइसोप्ली, ट्राइकोडर्मा हार्जिनम, पिसिलोमाइसिस लिलेसिनम*) के साथ नीम तेल का उपयोग करने पर जड़ एवं तने का अधिकतम भार प्राप्त हुआ तथा सूत्रकृमि जनित गॉठों की संख्या 33 प्रतिशत घट गई। टमाटर में भी सभी जैव नियंत्रकों के संयुक्त उपयोग से नियंत्रण की तुलना में जड़ एवं तने का अधिक भार (52 व 54 प्रतिशत) प्राप्त हुआ तथा सूत्रकृमि जनित गाँठों की संख्या में कमी (60 व 59 प्रतिशत) दर्ज की गई।

ग्वार की 35 प्रविष्टियों में से तीन प्रविष्टियां बीजी–3, एचजी–258 और आरजीसी–936 ने झुलसा, जड़गलन व्याधियों के लिये प्रतिरोधकता प्रदर्शित की। कुलथी की 21 प्रविष्टियों में से 10 प्रविष्टियों, एके–24, एके–42, बीजीएच–13–1, बीजीएच–13–2, सीआरजीएच–22, सीआरजीएच–23, डीएचजी–1, मरू कुलथी–1, वीएलजी–37 और वीएलजी–38 ने झुलसा, जड़गलन व्याधि से प्रतिरोधकता प्रदर्शित की। ये सभी प्रविष्टियाँ पत्तियों की व्याधियों से भीं मुक्त पाई गई। मोठ की सभी 14 प्रविष्टियाँ झुलसा, जड़गलन व्याधि के प्रति प्रतिरोधक पाई गई।

बाजरा की संकर एवं जनक प्रकार की 608 प्रविष्टियों में से अधिकांश ने डाउनी मिल्ड्यु एवं ब्लास्ट बिमारी के लिये प्रतिरोधकता दर्ज की जबकि 6 प्रविष्टियों ने दोनों बिमारियों के लिये सुग्राह्यता दर्ज की। मोठ की 14 विभिन्न प्रविष्टियों के परीक्षण में बुवाई के 60 दिन पश्चात् सभी प्रविष्टियों में लगभग सभी पत्ते पीत्त शिरा रोग से संक्रमित थे। बुवाई के 52 दिन पश्चात प्रविष्टि जीएमओ–1 एवं सीजेडएम–3 को छोड़कर सभी प्रविष्टियों में लटों की वजह से नुकसान हुआ। इस वर्ष ग्वार की फसल में पत्तों को खाने वाले कीड़ों की उपस्थिति कम थी। परन्तु ग्वार में पौधों की जड़ों को *प्रोटेसिया* प्रजाति के भृंग द्वारा नुकसान पहुँचाया गया। बाद में इन भृंगों को ढूँढ कर खाने के लिए, जहरिले प्रजाति के सरिसर्प ने जड़ों के पास खुदाई की जिस से जड़ें अनावृत हो गईं और पौधों की मृत्यु हो गई। जड़ों में सबसे कम नुकसान, जड़ों के पास खुदे गड्ढों की संख्या (6), प्रविष्टि एचजी–75 में था एवं जड़ों के पास खुदे गड्ढों की अधिकतम संख्या (24.5) प्रविष्टि एचजी–870 में थी। प्रविष्टियों एचजी–182, एचजी–365, एचजी–227, एम–83, बीजी–2, जीजी–1, मरू ग्वार, आरजीसी–1031, आरजीसी–1033 और आरजीसी–936 में कई पौधों की मृत्य हो गई।

improved in bread supplemented with these products in comparison to unsupplemented breads.

Integrated Pest Management

Combination of neem seed powder (400 kg ha^{-1}), *Metarrhizium anisopliae*, *Trichoderma harzianum*, *Paecilomyces lilacinus* and FYM (4 t ha^{-1}) resulted in highest protection of clusterbean (RGC 936) against plant mortality due to termites and root rot and resulted in maximum seed yield of 1107 kg ha^{-1}, whereas sole application of FYM in soil resulted in least protection. The most effective treatment against termites was soil amendment with neem seed powder, *M. anisopliae* and FYM; while the most effective treatment against dry root rot was soil amendment with neem powder, *T. harzianum* and FYM; in terms of plant mortality caused by the respective causal agents.

Combined application of three bio-agents (*P. lilacinus, T. harzianum* and *M. anisopliae*) proved superior in improving the fresh root and shoot weight as well as in reducing nematode population in chilli crop compared to their individual effects. In tomato also combined application of all bio-control agents caused maximum increase in root and shoot weights (52 and 54%) and reduction in gall numbers and nematode population (60 and 59%) over control.

Clusterbean genotypes BG-3, HG-258 and RGC-936; horse gram genotypes AK-24, AK-42, BGH 13-1, BHG 13-2, CRGH-22, CRGH-23, DHG-1, Maru Kulthi-1, VLG-37 and VLG 38, and all entries of moth bean (RMO-435, Jawala, RMO-40, RMB-25, RMO-225, RMO-257, RMO-423, Maru Moth-1, GMO-2, GMO-1, CZM-1, CZM-3, IPCMO-880 and CZM-2) were found to be resistant to wilt/root rot diseases.

Most of the pearl millet hybrids and parents (608 entries), except 6, were resistant to moderately resistant to downy mildew and blast diseases. All fourteen moth bean accessions screened for yellow mosaic virus were infested at 60 DAS observation. All accessions except GMO1 and CZM 3 were infestated with caterpillar. In clusterbean, overall incidence of foliar insects was low. However, a new observation on root damage by *Protaetia* beetles and subsequent mortality of damaged plants was recorded in HG 182, HG 365, FS 227, M 83, BG 2, GG- 1, Maru Guar, RGC 1031, RGC 1033 and RGC 936.

In crop fields in Leh, at an altitude of 11000 to 12000 feet, mice (*Mus booduga* Gray) and in shops and godowns a

लेह व इसके आसपास 11000–12000 फीट की ऊंचाई पर खेतों में *मस बुडूगा* प्रजाति की चुहिया देखी गई तथा गोदामों से 150–200 ग्राम वजन की *रैटस तुर्किस्तानिकस* प्रजाति पकड़ी गई। घास के मैदानों में 14000–15000 फीट की ऊंचाई पर वोल की प्रजाति *पिटिमस ल्यूसिरस* तथा 11500–17500 फीट की उंचाई तक मारमोट (*मारमोटा हिमाल्याना*) पाए गए। नर्मदा नहरी क्षेत्र में *मेरियोनिस हरियानी* की जनसंख्या बारानी व पड़त भूमि में सर्वाधिक थी जबकि खेतों से *टटेरा इण्डिका* अधिक संख्या में पकड़े गए। ग्राम गीगासर (बीकानेर) में गेहूँ, जीरा, सरसों, मेथी व इसबगोल में कृन्तकों का प्रकोप बहुत अधिक था। कृन्तकों की मुख्य प्रजातियां *मेरियोनिस हरियानी* व *टटेरा इण्डिका* थी। विभिन्न फसलों में परिधीय क्षेत्रों में 10–50 प्रतिशत तक नुकसान था तथा बिलों की संख्या 16–40 प्रति 10 वर्ग मीटर थी। जिंक फॉस्फाइड (40 प्रतिशत) के नये फारमूलेशन का प्रयोगशाला में *रैटस रैटस, बेंडीकोटा बेंगालेंसिस* व *टटेरा इण्डिका* के विरुद्ध मूल्यांकन किया गया। केवल विष चुग्गे की उपस्थिति में 1, 2 व 4 प्रतिशत जिंक फॉसफाइड मिश्रित विष चुग्गे के सेवन से सभी प्रजातियों के सभी चूहे 0.5 से 12 घण्टे की अवधि में मर गए। विष चुग्गे के साथ सादा चुग्गा देने पर सर्वाधिक मृत्युदर 4 प्रतिशत जिंक फॉसफाइड मिश्रित चुग्गे के सेवन (80 से 100 प्रतिशत) से प्राप्त हुई।

गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत, कृषि यान्त्रिकी और ऊर्जा

प्रकाश वोल्टीय आच्छादित गृह (15.3 वर्ग मीटर) के कार्य प्रदर्शन का अध्ययन टमाटर की फसल उगाकर किया गया। आच्छादित गृह के आन्तरिक तापमान का अनुमान लगाने के लिये एक ऊष्मीय मॉडल विकसित किया गया। फोटोवोल्टिक आच्छादित गृह के ढ़ांचे के अन्दर के तापमान को नियन्त्रित करने के लिए एक दशा परिवर्तनीय द्रव्य बनाया गया। प्रकाशवोल्टीय आच्छादित गृह के लिए ऊर्जा पुनः प्राप्ति की गणना की गई। लाभ व लागत का अनुपात 1:5 तथा मूल्य वापसी समय 3 साल अनुमानित है। बहु–उद्देशीय सौर उपकरण के कार्य प्रदर्शन को देखते हुए यह अनुमान लगाया गया कि इसका बी सी अनुपात 1:5 व मूल्य वापसी समय 6 साल है। संशोधित सौर पी.वी. सिस्टम एवं परिवर्तनीय स्विच के साथ सौर चालित बेर ग्रेडर को सफलतापूर्वक चलाया गया। इससे प्रारम्भिक टार्क एवं वी बेल्ट को सरलापूर्वक चलाने में आने वाली समस्याओं को दूर किया गया। पी.वी. डस्टर से मूँग की फसल पर मेलाथियान पाऊडर का बुरकाव 30 ग्राम प्रति मिनट की दर से किया जा सकता है।

खोखले ब्लाक, वर्मिकुलाइट सीमेन्ट, कंक्रीट सीमेन्ट, ईंट एवं पत्थरों से निर्मित पांच अलवणीकरण उपकरणों का परीक्षण किया गया। प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आसुत जल, अधिकतम तापमान एवं सौर विकिरण के मध्य एक मल्टीवैरियेबल मॉडल विकसित किया गया।

medium sized species of *Rattus pyctoris* (Hodgson) (*Rattus turkestanicus Satunin)* weighing 150-200 g were trapped. Voles (*Phaiomys leucurus* Blyth and *Pitymys leucurus* Blyth) were observed in grass lands at 14000 to 15000 feet altitude and marmots (*Marmota himalayana*) were observed at 11500 to 17500 feet. In Narmada Canal Command area, population of *Meriones hurrianae* was more in rainfed and fallow fields, however *Tatera indica* was trapped in more numbers. At Gigasar village (Bikaner district) heavy infestation of rodents was observed in wheat, cumin, mustard, methi and isabgol. The main species were *Meriones hurrianae* and *T. indica*. The burrow counts ranged from 16 to 40 per 10 m^2 and damage to different crops varied from 10 to 50 per cent, mainly in peripheral region of the field. A new formulation of zinc phosphide (40%) was evaluated in laboratory against *T. indica, B. bengalensis* and *R. rattus*. In no choice condition 100 per cent kill was achieved in all the test species at 1.0, 2.0 and 4.0 per cent concentration of zinc phosphide within 30 minutes to 12 hours. Under choice condition, maximum mortality (80-100%) was obained with highest concentration (4.0%), and 70 to 90 per cent mortality with 2.0 per cent concentration in all the test species within 1-12 hrs.

Non-conventional Energy Sources, Farm Machinery and Power

PV clad enclosure structure (15.3 m^2) was successfully tested with tomato and chilli crops. A thermal model was developed to predict the inside temperature of the enclosure. Phase change material based heat storage system was also developed for further regulation of temperature. Energy pay back and techno-economic analysis of the PV clad structure revealed a benefit cost ratio of 1.5. The benefit-cost ratio of the integrated three-in-one device was 1.5 with payback period of 6 years. Ber grader was successfully operated with modified solar PV system having change over switching mechanism to overcome the problem of providing the initial torque. Solar PV duster was tested in mung bean crop with a dusting rate of 30 g min^{-1}.

A multivariate linear model [distillate output (l day^{-1}) = 1.029 + 0.009solar irradiance–0.036 T_{max})] was developed to estimate the distillate output at different solar irradiance (W m^{-2}) and ambient temperature (T_{max}, C). Two types of natural convective solar dryers were developed i) reversed absorber and ii) flat plate absorber collector with phase change material (PCM) packed bed thermal energy storage system.

एसी सोलर पम्प में एक परिवर्तनीय बिजली बटन प्रणाली विकसित की गई जिससे जब पम्प का सिंचाई में उपयोग नहीं होता है तब फोटोवोल्टिक सारणी से उत्पादित बिजली का खेत एवं घर की मशीन/उपकरणों में इस्तेमाल किया जा सके। इसके अतिरिक्त एक संरक्षित खेती प्रणाली की डिजाइन तैयार की गई जिसमें बूँद–बूँद/फव्वारा सिंचाई एवं पृथ्वी–नली ताप विनिमय आधारित शीतलन प्रणाली का विकास किया गया। परीक्षण में यह पाया गया कि एसी सोलर पम्प 9 मिनी–स्प्रिंकलर के साथ 40–50 लीटर प्रति मिनट की दर से सिंचाई करता है।

पश्चिमी राजस्थान में वायु द्वारा भू–क्षरण के विभिन्न अनुघटकों का परिशोधित वायु भू–क्षरण समीकरण (आरडब्ल्युइक्यु) के माफिक आकलन किया गया। परिशोधित वायु क्षरण समीकरण में भूमि क्षरण अनुघटकों की विस्तृत रूप से भूमि का क्षरण योग्य भाग एवं भू–पपड़ि घटक के रूप में गणना की जाती है जिसमें भूमि में बालू, सिल्ट एवं चिकनी मिट्टी का परिमाण, जैविक कार्बन का परिमाण एवं कैल्सियम कार्बोनेट के परिमाण के आंकड़े इस्तेमाल किये जाते हैं। शुष्क पश्चिमी राजस्थान की भूमि में बालू एवं चिकनी मिट्टी के परिमाण वर्णक्रम प्रतिफलन को मुख्य अंश (पीसी) से विकसित किया गया। कलन गणित के द्वारा संतोषजनक रूप से अनुमान किया गया। भूमि के जैविक कार्बन को भी वर्णक्रम प्रतिफलन से संतोषजनक रूप से परस्पर संबंधित किया गया।

चयनित कृषि प्रसंस्करण यंत्रों को प्रयोगशाला में स्थापित किया गया। इन कृषि प्रसंस्करण यंत्रों को संचालित कर दीर्घकालिक उपयोग के लिये प्रारम्भिक परीक्षण किया गया। जीरा सफाई व श्रेणीकरण मशीन द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादों का परीक्षण किया गया और मशीन की सफाई दक्षता 85–90 प्रतिशत देखी गई। एक नई मतीरा बीज निकालने वाली मशीन का विकास किया गया। इस मशीन में रोटरी कोनिकल आकार की एल्यूमिनियम से निर्मित इकाई है जिसकी परिधि पर तेजधार वाला कटर लगाया गया है। इसका परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया जिसमें बीज व गुदे को मतीरे से अलग किया गया।

मानव चालित खाद विस्तारण यंत्र खेत की सतह पर तथा ट्रैक्टर चालित खाद विस्तारण यंत्र जमीन की सतह से 100–150 मी. मी. नीचे 4.5–5.0 टन प्रति हैक्टेयर की दर से खाद डालने में सक्षम हैं। डिस्क हैरो मय पाटा द्वारा ग्वार एवं तिल के खेत में जुवाई के लिए आवश्यक ऊर्जा 421.3 मेगा जूल प्रति हैक्टेयर पाई गई।

सामाजिक–आर्थिक अन्वेषण और मूल्यांकन

जोधपुर जिले के गोविन्दपुरा एवं मानसागर गाँवों में सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण किया गया। गोविन्दपुरा में प्रति परिवार कृषि क्षेत्र 4.83 हैक्टेयर तथा मानसागर में 4.10 हैक्टेयर था। सिंचित क्षेत्र गोविन्दपुरा में 26.12 व मानसागर में 24.37 प्रतिशत था। अधिकांश् किसानों के पास 1 से 2 वयस्क गाय व सिंचित खेती वाले

A change over switch facility, protected agriculture system and earth tube heat exchange based temperature regulating facility were developed for AC solar pump system. Field performance of micro-irrigation systems such as drippers, micro-sprinklers and mini-sprinklers with solar pumps were tested. Pressure-discharge relationship of solar pumps revealed a discharge of 45-50 litres per minute with 9 mini-sprinklers.

Wind erosivity factor and soil erodibilty factor for different locations in western Rajasthan were assessed as per revised wind erosion equation (RWEQ). Highest wind erosivity was observed during second fortnight of July at Chandan (2.81 kg m^{-1} s^{-1}). Spectral reflectance-based algorithms for rapid assessment of soil resources of arid regions were developed. Sand, clay and organic carbon content of soils of arid western Rajasthan were satisfactorily estimated from linear models involving principal components (PCs) of soil spectral reflectance (R^2 = 0.41 to 0.43).

Selected agro processing machines were installed in the laboratory. Cumin cleaner cum grader was tested with different crops and the output capacity was observed to be 200 kg h^{-1} for cumin, 115 kg h^{-1} for moth bean, 300 kg h^{-1} for clusterbean, 135 kg h^{-1} for mustard, 100 kg h^{-1} for mung bean and 275 kg h^{-1} for wheat with cleaning efficiency of 85-90 per cent. A new design of water melon seed extractor, consisting of a rotary aluminium conical unit with sharpened edge on its periphery and operated by 0.25 hp electric motor, was developed. The developed machine was successfully tested to separate seed and pulp of water melon from its rind.

Manual drawn and tractor drawn FYM applicators were successfully field tested to spread FYM on the surface and to place FYM at 100-150 mm soil depth, respectively with an application rate of 4.5-5.0 t ha^{-1}. The total energy requirement of disc harrow with planking operation in the field sown with clusterbean and sesamum was found to be 421.3 MJ ha^{-1}.

Socio- economic Investigation and Evaluation

Socio-economic survey of two villages of Jodhpur district showed that cultivated area per household was 4.83 and 4.10 ha in Govindpura and Mansagar, respectively. Irrigated area in Govindpura and Mansagar was 26.12 and 24.37 per cent, tube well being the major source of irrigation. Majority of the farmers in two surveyed villages owned 1-2

किसानों के पास भैंस भी थी। प्रायः सभी परिवारों में 1 से 4 वयस्क बकरियां थी। भेड़ पालन बहुत कम परिवार करते हैं तथा तथा इनके झुंड की संख्या 10 से 40 के बीच रही।

जोधपुर, बाड़मेर व जैसलमेर जिले से 320 भू–संदर्भित मृदा नमूने एकत्रित किए गए। कुल एकत्रित नमूनो में से 99 प्रतिशत में कार्बन, 100 प्रतिशत में उपलब्ध नाइट्रोजन, 59 प्रतिशत में उपलब्ध फासफोरस, 14 प्रतिशत में उपलब्ध पोटेशियम एवं 49 प्रतिशत में उपलब्ध सल्फर न्यून पाए गए।

भू–संदर्भित भूमिगत जल के 8 गाँवों से एकत्रित 59 नमूनों में वैद्युत चालकता एवम् पीएच मान क्रमशः 0.39–10.90 डेसी साइमन प्रति मीटर एवम् 7.05–8.75 ज्ञात की गई। पानी में घुलनशील कार्बोनेट एवम् बाइकार्बोनेट की मात्रा क्रमशः 0.0–3.8 तथा 0.05–9.05 मिली तुल्यांक प्रति लीटर पाई गई। सभी ऋणायनों में क्लोराइड (1.2–70.8 मिली तुल्यांक प्रति लीटर) की अधिकता देखी गई। घूलनशील धनायनों में सोडियम की प्रमुखता पाई गई जिसकी मात्रा 0.95–81.95 मिली तुल्यांक प्रति लीटर थी। अवशिष्ट सोडियम कार्बोनेट के आधार पर 69.5, 10.2 एवम् 20.3 प्रतिशत नमूनों को क्रमशः सुरक्षित, मध्यम सुरक्षित एवम् असुरक्षित श्रेणियों में पाया गया। किसानों के खेतों पर जैवभार के विभिन्न घटकों (वृक्षों, झाड़ियों, फसलों व घास) के वितरण से पता चला कि वृक्षों का जैवभार अधिकतम (57 प्रतिशत) था।

राजस्थान के लूनी नदी के अन्तर्वर्ती मैदानी क्षेत्र के जालोर जिले में दाबानुकूलित सिंचाई पद्धतियों को अपनाने वाले कृषकों में से 70 प्रतिशत ने ड्रिप और 75 प्रतिशत ने फव्वारा सिंचाई पद्धति (सूक्ष्म फव्वारा भी शामिल) को अपनाया था। बहुमत ने इसे पिछले तीन वर्षों में और अपनी मालिकाना जमीन के 10 से 100 प्रतिशत हिस्से पर अपनाया था। पद्धति अपनाने वाले कृषकों की मुख्य समस्या गिलहरी द्वारा ड्रिप पाइप को नुकसान पहुँचाने (90 प्रतिशत) की पाई गई जबकि पद्धति नहीं अपनाने वाले कृषकों ने जमीन उपयुक्त नहीं होना (90 प्रतिशत), पद्धति की उच्च लागत (60 प्रतिशत) और अनुदान पर पद्धति खरीदने की विधि के बारे में जानकारी की कमी (50 प्रतिशत) आदि बाध्यताओं को पद्धति नहीं अपनाने का कारण बताया।

प्रौद्योगिकी आकलन, सुधार एवं हस्तांतरण

जोधपुर जिले के गाँव उटाम्बर में उन्नत कृषि उत्पादन प्रौधोगिकी, फसल विविधीकरण, सब्जी उत्पादन एवं पशुधन प्रबंधन प्रौधोगिकी से संबधित 55 कृषि प्रदर्शन एवं क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषकों के लिये आयोजित किये गये। विभिन्न श्रेणी के कृषकों में सकल आय में सर्वाधिक वृद्धि लघु किसानों में (54.3 प्रतिशत) तथा इसके उपरान्त क्रमशः मध्यम (31.0 प्रतिशत) व बड़े कृषकों (18.5 प्रतिशत) में देखी गई।

adult cows while farmers having assured irrigation sources reared buffaloes. The number of adult goats in majority of the households ranged from 1 to 4. Sheep was reared only by few farmers and the average herd size ranged from 10 to 40.

Three hundred twenty soil samples were collected from Jodhpur, Barmer and Jaisalmer districts. All samples were low in nitrogen, about 99 per cent were low in SOC, 59 per cent were low in available phosphorus, 14 per cent were low in available potassium and 49 per cent were low in available sulphur. Electrical conductivity (EC) and pH of 59 water samples, collected from 8 villages of Jodhpur, Barmer and Jaisalmer districts, ranged between 0.39 to 10.90 dS m^{-1} and 7.05 to 8.75, respectively. Among water soluble anions, chloride and sulphate concentration varied from 1.2 to 70.8 me L^{-1} and traces to 30.60 me L^{-1}, respectively. The carbonate and bicarbonate concentration varied from 0.0 to 3.8 and 0.05 to 9.05 me L^{-1}, respectively. Sodium was the dominant cation and its concentration ranged from 0.95 to 81.95 me L^{-1}. About 69.5, 10.2 and 20.3 per cent water samples showed RSC as permissible, moderately safe and unsafe. Biomass distribution among trees, shrubs, crops and grass components at farmers' fields indicated that contribution of tree biomass to overall biomass was maximum (57%) in all surveyed villages.

In transitional plain of Luni basin of Jalor district, among the adopter of pressurized irrigation system (PIS) technology, 70 per cent farmers adopted drip irrigation system while 75 per cent adopted sprinkler irrigation system. Majority of the farmers (60%) adopted the PIS technology during last three years. Extent of adoption varied from about 10 to 100 per cent of owned land. The beneficiary farmers did not perceived much constraint except that of damage by squirrels to drip lines (90%), while the non-beneficiary perceived the non-suitability of their cultivated lands for PIS technology (90%), high initial cost of the PIS (60%) and lack of knowledge about procedures to purchase with subsidy (50%).

Technology Assessment, Refinement and Transfer

Fifty five field demonstrations related to improved crop production technologies, crop diversification, vegetable cultivation and livestock management practices were organized in the village Utamber of Jodhpur district in which maximum increase in gross income was observed in case of small farmers (54.3%) followed by medium (31.0%) and large (18.5%) farmers.

गमलों में मीडिया भरने की मशीन और कम्प्यूट्रीकृत पौधों के स्टाक प्रबंधन के लिए विकसित नर्सरी प्रबंधन प्रणाली जैसी सुविधाऐं काजरी की नर्सरी में स्थापित की गई। परियोजना गाँवों में पौधों की वरीयता विश्लेषण द्वारा पता चला कि कलिकायन–बेर, गोंदा, खेजड़ी, कुमट की मांग सबसे अधिक है जिनका उद्देश्य खेतों में सीमा रोपण से मिट्टी संरक्षण, चारा और फल आदि के लिए है। सिंचाई/पानी व बाड़ जैसी सुविधाओं के साथ बुजावर और भांडु में सामुदायिक भूमि पर किसानों की भागीदारी से सैटेलाइट नर्सरी बनाई गई।

पांच सौर उपकरणों पीवी शुष्कक मय विनोवर, झुके हुए सौर शुष्कक, पशु आहार सौर कुकर, सौर पीवी डस्टर और स्थिर सौर कुकर का जोधपुर और पाली के एक एक गांव में प्रदर्शन हेतु चयन किया गया। पी.वी. डस्टर की दो इकाइयों एवं पशु आहार सौर चूल्हा की छः इकाइयों का निर्माण किया गया।

उन्नत तकनीकियों का प्रसार करने के लिये 86 क्षेत्र प्रदर्शन जोधपुर जिले के बींजवाड़िया गाँव में आयोजित किये गये। किसानों की स्वयं की तकनीकियों की तुलना में उन्नत पद्धति से मोठ (आरएमओ–225), ग्वार (एचजीएस–365, आरजीसी–963), अरण्डी (जीसीएच–7) एवं बाजरा (एचएचबी–67 उन्नत, आरएचबी177, राज–171) की औसत उपज में क्रमशः 38.85, 13.84–23.76, 22.62 एवं 10.68–57.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जीरा (जी.सी–4) में नीम की खली के उपयोग से बीज उत्पादन में वृद्धि 16.76–17.87 प्रतिशत तथा मरूसेना से बीज उपचार करने पर 4.64–6.47 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जोधपुर, जालोर, बीकानेर व लेह में विभिन्न ग्रामों में कृन्तक प्रबंधन पर प्रशिक्षण सह प्रदर्शन तथा रेल कर्मियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृंतक नाशी जिंक फास्फाईड के प्रयोग से बाजरा, मूंग, मोठ, ग्वार में कृंतक नियत्रंण सफलता चार दिन बाद 62 से 66 प्रतिशत मिली। तीव्र एवं जीर्ण दोनों प्रकार के कृंतक नाशकों के प्रयोग से रबी फसलों (रायड़ा, गेहूँ, जीरा) में कृंतक नियंत्रण सफलता 15 दिन बाद 78 से 81.5 प्रतिशत मिली।

प्रसार गतिविधियाँ

आदिवासी उप–योजना के अन्तर्गत विभिन्न जिलों के 1731 आदिवासी लाभान्वित हुए। जल प्रबंधन, बागवानी, मिट्टी सुधार, मिट्टी की उर्वरता, पशुधन प्रबंधन, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण आदि विभिन्न गतिविधियाँ योजना के तहत की गई।

कुल 5783 किसान, कृषक महिलाऐं, विद्यार्थी एवं सरकारी अधिकारियों ने कृषि तकनीक सूचना केन्द्र का भ्रमण किया, जहाँ इन्हें संस्थान की गतिविधियों एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। विभिन्न विभाग, क्षेत्रीय अनुसंधान स्थान एवं के.वी.के. के द्वारा 337 प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषकों के लिए आयोजित किये गये। एक

A lead nursery has been established at the institute with potting media filling machine facility. The tree seedling preference analysis in target villages revealed that seedlings of budded ber, gonda, khejri, kumat are in high demand. Satellite nurseries in Bujawar, Bhandu and Chandan villages were established at community land in participatory mode with fencing and watering facilities for mass seedling production.

Five solar devices, namely, solar PV dryer-cum-winnower, inclined solar dryer, animal feed cooker, solar PV duster and non-tracking solar cooker were selected for dissemination in one village each in Jodhpur and Pali district. Two units of PV duster and six units of animal feed cooker were fabricated for installation.

To disseminate the improved technologies, 86 demonstrations were conducted during, summer, *kharif* and *rabi* seasons in Bheenjwadia village of Osian tehsil of Jodhpur district. The seed yield of moth bean (RMO-225), clusterbean (HGS-365 and RGC-936), castor (GCH-7) and pearl millet (HHB-67 Improved, RHB-177 and Raj-171) increased by 38.85, 13.84-23.76, 22.62 and 10.68-57.75 per cent, respectively compared to local varieties of these crops. In case of cumin (GC-4), seed yield increased by 16.76-17.87 per cent with application of neem cake and 4.64-6.47 per cent with *marusena* treatment.

Demonstrations cum training on rodent pest management were organized in villages of Jodhpur, Jalore, Bikaner and Leh. Rodent control, success with single baiting with zinc phosphide ranged from 62-66 per cent in pearl millet, mung bean, moth bean, clusterbean fields on 4th day after treatment. Integration of acute rodenticide (zinc phosphide) with an anticoagulant rodenticide (bromadiolone) as a follow up treatment proved best and registered 77.77-81.48 per cent control success in *rabi* crops.

Outreach extension activities

Under Tribal Sub Plan (TSP), 1731 tribal people were benefitted in different districts of the country. Various interventions like water management, horticulture, soil amelioration, soil fertility management, livestock management, HRD trainings for women empowerment were taken up under the plan. A Total of 5783 farmers, farm women, students and central/state government officials visited ATIC and they were apprised of institute's activities and technologies. In all, 337 trainings were organized for farmers and farm women by different divisions, regional research stations and KVKs of the institute.

किसान मेला एवं नवाचार दिवस 24 सितम्बर 2014 को आयोजित किया गया जिसमें पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश जिलों से लगभग 1900 किसानों ने भाग लिया। काजरी की उपलब्धियों एवं गतिविधियों के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं तकनीकों को जन–जन तक पहुँचाने हेतु संस्थान ने विभिन्न अवसरों पर सम्पूर्ण देश में 20 प्रर्दशनी आयोजित की या उनमें भाग लिया।

संस्थान की अन्य गतिविधियां

मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत 31 वैज्ञानिकों, 9 तकनीकी और 10 प्रशासनिक कर्मचारियों ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके अतिरिक्त 25 तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारियों ने काजरी में नार्म, हैदराबाद की फेकल्टी द्वारा दिये गये प्रशिक्षण में भाग लिया। दो कार्यशाला, एक ब्रेनस्टार्मिग सत्र, एक लघु पाठ्यक्रम और छः प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये।

प्रतिवेदन अवधि के दौरान संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई (आई.टी.एम.यू.) ने काजरी एवं सौभाग्य बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, पादप विविधता और किसान अधिकार प्राधिकरण (पीपीवी और एफआरए), आई.ए.आर.आई., पी.ए.यु. और बिट्स के बीच समझौता ज्ञापन में सहायता प्रदान की। इकाई ने नैनो पोषक उत्पादन की व्यवहार्यता का आकलन करने के संबंध में सलाह (कंसल्टेंसी) उपलब्ध कराई। आई.टी.एम.यू. ने सौर पीवी डस्टर से संबंधित वैज्ञानिक तकनीकी जानकारी अनुबंध पर आशापुरा एसोसिएट्स, जोधपुर के साथ हस्ताक्षर करने में सहायता प्रदान की।

संस्थान में एन.ए.आई.पी. के तहत स्थापित ए.एस.आर.बी. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के नेट/कृ.अ.से. प्रारम्भिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन केन्द्र सुचारू रुप से संचालित है तथा इस वर्ष दो परीक्षाओं का सफल आयोजन किया गया। 22 से 28 सितम्बर, 2014 की अवधि में नेट/एआरएस प्रारम्भिक परीक्षा तथा 5 जनवरी से 2 फरवरी 2015 के दौरान सहायक प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन किया गया।

A farmers' fair cum farm innovation day was organized at CAZRI on 24th September in which 1900 farmers from most of the arid districts of Western Rajasthan participated. The institute organized/participated in 20 exhibitions on different occasions across the country to popularize its technologies and to create awareness among the masses about its activities and achievements.

Other institute activities

Under HRD programme, 31 scientists, 9 technical and 10 administrative personal attended various trainings, while 25 administrative and technical personals were provided training at the institute by NAARM, Hyderabad faculty. Two workshops, one brain storming session, one short course and six trainings were organized at the institute.

The Institute Technology Management Unit (ITMU) facilitated signing of MoUs between CAZRI and Sowbhagya Biotech Private Limited, PPV & FRA, IARI, PAU and BITS Ltd. The unit facilitated consultancy/ advisory for assessing feasibility of nano-nutrient production. ITMU facilitated the signing of scientific knowhow contract with Ashapura Associates, Jodhpur regarding solar PV duster, animal solar feed cooker and inclined solar dryer.

The on-line system for NET/ARS-Prelim Examination in ASRB, ICAR center is fully operational and two online examinations were conducted as per schedule. The online examination for NET/ARS (Prelim.) was conducted as per schedule from Sept 22-28, 2014. The online examination for Assistants (Prelim.) was conducted from January 05 to February 02, 2015.

संस्थान परिचय
About the institute

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) की स्थापना 1952 में जोधपुर (राजस्थान) में मरूस्थलीय वनारोपण केन्द्र के रूप में हुई। जिसे 1957 में मरूस्थलीय वनारोपण और मृदा संरक्षण केन्द्र के रूप में प्रोन्नत किया गया। शुष्क क्षेत्र अनुसंधान एवं विकास को उचित महत्व प्रदान करने एवं इससे संबंधित शोध को गहनता प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने 1958 में यूनेस्को विशेषज्ञ श्री सी.एस. क्रिशचियन की सलाह मांगी तथा उनके सुझावोपरान्त 1 अक्टूबर 1959 से यह संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के अन्तर्गत अनुसंधान में कार्यरत है।

यह संस्थान देश के गर्म शुष्क क्षेत्रों (राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश) के लगभग 32 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल तथा शीत शुष्क क्षेत्र (जम्मू–कश्मीर और हिमाचल प्रदेश) लगभग 7 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए बहुविषयी शोधों में कार्यरत है।

देश के शुष्क पश्चिमी क्षेत्र यद्यपि अद्वितीय संसाधनों से सम्पन्न है परन्तु अल्प वर्षा, उच्च तापमान, तेज हवा की गति, उच्च वाष्पोत्सर्जन, अल्प मृदा उर्वरता और मृदा की कम जल धारण क्षमता के कारण यहाँ फसलों की उत्पादकता बहुत कम है। गर्मियों में दिन का तापमान 40–43°सेंटीग्रेड तक रहता है। जो कि कभी–कभी 45°सेंटीग्रेड तक पहुँच जाता है। वर्षा का सीमांकन जैसलमेर के पभिचम भाग में 100 मि.मी. तथा पाली के पूर्वी भाग में 500 मि.मी. के मध्य होता है। सम्भावित वाष्पोत्सर्जन 1500 से 2000 मि.मी. प्रति वर्ष के मध्य होता है। सामान्यतया मानसून की अवधि 1 जुलाई से 15 सितम्बर तक होती है। इस प्रक्षेत्र में मुख्यतः टिब्बा एवं अर्न्तःटिब्बा युक्त रेतीली भूमि पाई जाती है। जिसकी मृदा अल्प जल धारण क्षमता और कम उपजाऊ है। दक्षिण–पूर्वी भाग में मध्यम बनावट वाली सलेटी भूरे रंग की मृदा बहुत बड़े क्षेत्र में पाई जाती है। यह मृदा बेहतर जल धारण क्षमता वाली और उपजाऊ है। इस क्षेत्र की मिट्टी एवं भू–जल में उच्च लवणता पाई जाती है। अन्य मृदा प्रकार में, जिप्सिड्स, चट्टानी/पथरीली और प्राकृतिक रूप से नमक प्रभावित है जिनमें जैविक कार्बन बहुत कम, उपलब्ध फॉस्फोरस कम से मध्यम और उपलब्ध पोटेशियम उच्च मात्रा में होता है। अप्रैल से अगस्त के मध्य तेज हवाएँ 8–14 कि.मी. प्रति घण्टा की गति से कभी–कभी 30 कि.मी. प्रति घण्टा से अधिक गति से चलती है जो धूल भरी आँधियों का कारण बनती है जिसके परिणाम स्वरूप वात–कटाव एवं भूमि अवह्रास होता है। इन्दिरा गाँधी नहर परिक्षेत्र में (जल–प्लावन एवं लवणीयता की समस्या के कारण) जल एक प्रमुख

The Central Arid Zone Research Institute (CAZRI) owes its origin to the Desert Afforestation Research Station, which was established in 1952 at Jodhpur and was upgraded to the Desert Afforestation and Soil Conservation Station in 1957. In order to put appropriate emphasis on arid zone research and development, the Government of India in 1958 sought the advice of an UNESCO expert, Mr. C.S. Christian, upon whose suggestion the Institute came into existence on October 1, 1959 as a constituent of the Indian Council of Agricultural Research (ICAR), New Delhi.

The Institute conducts multi-disciplinary research to seek solutions to the problems of arid zones of the country. About 32 million ha area in the states of Rajasthan, Gujarat, Punjab, Haryana, Karnataka and Andhra Pradesh comes under hot arid zone. The cold arid zone, covering about 7 million ha, is located in the states of Jammu and Kashmir and Himachal Pradesh.

